

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 04 मार्च 2025 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-333 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112







## संक्षेप

### जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव टला

**रायपुर,4 मार्च।** रायपुर जिला के जिला पंचायत अध्यक्ष, और उपाध्यक्ष के चुनाव टल गए हैं। ये चुनाव अब 12 मार्च को होंगे। चुनाव के लिए सभी जिला पंचायत सदस्यों को सूचना आज दे दी जाएगी। नया संसोधित आदेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ 5 मार्च को जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के चुनाव होने वाले थे। लेकिन रायपुर में चुनाव अब 12 मार्च को होगा। निर्वाचन के बाद जिला पंचायत के पहला सम्मेलन 17 तारीख को आयोजित की जाएगी।

### भारत माला परियोजना में भ्रष्टाचार,अधिकारी निलंबित

**रायपुर,4 मार्च** ।छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी निर्भर कुमार साहू को निलंबित कर दिया है । निर्भय कुमार साहू वर्तमान में आयुक्त, नगर निगम जगदलपुर में पदस्थ हैं । दरअसल, निर्भय कुमार साहू जब अभनपुर में SDM थे, उस समय भारत माला परियोजना में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में भू अर्जन के रूप में वास्तविक राशि से अधिक राशि भू स्वामियों को दी थी साथ ही जानबूझकर कई बिल्डरों को फायदा पहुंचाया था।

### नक्सलियों ने की पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के ससुर की हत्या

**सुकमा,4 मार्च।** जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के ग्राम पेंटापाड़ में नक्सलियों ने पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के छोटे ससुर कलमू हिड़मा (65) की हत्या कर दी। घटना बीती रात की बताई जा रही है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, माओवादियों ने कलमू हिड़मा को घर से बुलाकर बाहर ले गए और उनकी निर्मम हत्या कर दी। हत्या के कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद से गांव में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचकर मामले की पड़ताल कर रहे हैं। इससे पहले भी सुकमा और आसपास के इलाकों में नक्सली गतिविधियां बढ़ी हुई हैं, जिससे आम जनता में डर का माहौल बना रहता है। फिलहाल, पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### सीडी कांड: कोर्ट में हाजिर हुए भूपेश बघेल

**रायपुर,4 मार्च।** सेक्स सीडी कांड में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सीबीआई



के स्पेशल कोर्ट में पहुंचे हैं. 203 नंबर जज भूपेश कुमार बसंत की कोर्ट में अपना पक्ष रखेंगे. छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित सेक्स सीडी कांड की 7 साल बाद रायपुर कोर्ट में सुनवाई हो रही है. आज मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मीडिया सलाहकार विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका समेत अन्य आरोपियों की कोर्ट में पेशी है. सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील अपनी बात रखेंगे.

## महातारी वंदन योजना पर विस में हंगामा

### कांग्रेस नेता सदन से आए बाहर




रायपुर,4 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में महतारी वंदन योजना को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी विधायकों ने बुजुर्ग महिलाओं की राशि काटे जाने पर सरकार को घेरा। वे मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बाहर चले गए। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, जो खुद राशि नहीं दे सके, वे सवाल उठा रहे हैं।

विधायक उमेश पटेल ने महतारी वंदन योजना का मामला सदन में उठाया और पहले पंजीयन से लेकर अब तक कितने हितग्राही इस योजना का लाभ ले रहे हैं, इस पर जानकारी मांगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि योजना के पहले पंजीयन के समय 70 लाख 27 हजार 154 लाभार्थी थे, लेकिन अब 69 लाख 63 हजार 621 लाभार्थी रह गए हैं। इस तरह 63 हजार 533 हितग्राही कम हुए हैं। लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि कमी के कारणों में मृत्यु, डबल पंजीयन और अपात्र होने जैसे कारण शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बस्तर में फर्जी नाम से लाभ लेने का एक मामला सामने आया है। विपक्षी विधायकों ने इसे बुजुर्ग महिलाओं के साथ धोखा करार देते हुए सरकार को जमकर घेरा। उमेश पटेल ने आरोप लगाया कि 500 रुपये बुजुर्ग महिलाओं से काटे जा रहे हैं।

### वित्त मंत्री अनुपस्थित विपक्ष का वॉकआउट

**रायपुर,4मार्च।** विधानसभा में मंगलवार को बजट पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी मौजूद नहीं थे. इस पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने नाराजगी जताई, जिसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया. इस बीच वित्त मंत्री सदन में पहुंच गए. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि वित्त मंत्री के बजट पर चर्चा हो रही है, लेकिन खुद वित्त मंत्री सदन में मौजूद नहीं हैं. इस पर 'हम भाषण देना नहीं चाहते' कहकर विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले गए. इस पर आसंदी ने विधानसभा की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी.

## बस्तर-रायपुर में कारोबारियों के ठिकानों पर आईटी का छापा

जगदलपुर,4 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और बिल्डर श्याम सोमानी के घर पर आयकर विभाग ने आज सुबह रेड की कार्रवाई की। रायपुर से आई आईटी की टीम ने उनके जगदलपुर स्थित घर और दफ्तर में दबिश दी है। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई टैक्स चोरी की शिकायत के आधार पर की जा रही है। करीब 10 से 12 आयकर अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। हालांकि, स्थानीय टीम को इस कार्रवाई की जानकारी नहीं थी। श्याम सोमानी बस्तर क्षेत्र में BMS कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक हैं और वे इमली, महुआ जैसे वनोपज के बड़े व्यापारियों में शुमार हैं। वे बस्तर मंडी के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। यह पहली बार नहीं है जब जगदलपुर में आयकर विभाग ने रेड की कार्रवाई की हो। इससे पहले करीब एक साल पहले, जगदलपुर के एक सराफा व्यापारी के घर पर भी आयकर विभाग ने दबिश दी थी, जब आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत मिली थी। दो साल पहले, खनिज विभाग के उप संचालक एसएस नाग के घर पर भी एंटी करप्शन ब्यूरो ने रेड की थी। मध्य प्रदेश के सतना, छत्तीसगढ़ में रायपुर और जगदलपुर में स्थित ऑफिस और फैक्ट्री समेत करीब 10 से ज्यादा ठिकानों पर आईटी की जांच जारी है।




### मियां-तियां या पाकिस्तानी कहना अपराध नहीं

## भावनाएं आहत करने का केस गलत : सुको

**नई दिल्ली,4 मार्च।** किसी को मियां-तियां या पाकिस्तानी कहना गलत और आपत्तिजनक हो सकता है, लेकिन यह अपराध नहीं माना जा सकता। ऐसा कहे जाने पर धार्मिक भावनाएं आहत किए जाने के मामले में भी केस दर्ज नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह अहम फैसला दिया है। अदालत ने यह बात 80 साल के एक शख्स के खिलाफ दर्ज केस को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। बुजुर्ग पर आरोप था कि उन्होंने एक व्यक्ति को मियां-तियां और पाकिस्तानी कहा था। इससे उसकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई थीं और इसी मामले में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। लेकिन उस केस को जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने खारिज कर दिया। बेंच ने कहा, बुजुर्ग पर आरोप है कि उन्होंने मियां-तियां और पाकिस्तानी कहकर धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। निसंदेह उनकी टिप्पणी खराब है और गलत तरीके से की गई। लेकिन इससे उस व्यक्ति की धार्मिक भावनाएं



आहत नहीं होतीं, जिससे यह बात कही गई। यह मामला झारखंड के बोकारो का है, जहां के एक उर्दू अनुवादक मोहम्मद शमीमुद्दीन ने आरोप लगाया था कि बुजुर्ग ने उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उन्हें मियां-तियां और पाकिस्तानी कहा। शमीमुद्दीन ने 80 साल के हरि नारायण सिंह पर यह आरोप लगाते हुए कहा था कि उनकी बातों से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इस शिकायत के आधार पर बुजुर्ग के खिलाफ सेक्शन 298 (धार्मिक भावनाएं आहत करना), सेक्शन 504 (जानबूझकर किसी को अपमानित करना और शांति भंग), 506 (आपराधिक साजिश), 353 (सरकारी कर्मचारी से बदसलूकी) जैसी धाराओं में केस दर्ज हो गया। बुजुर्ग के खिलाफ जांच के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। जुलाई 2021 में मजिस्ट्रेट ने इस मामले का संज्ञान लिया और बुजुर्ग को समन जारी किया। इसके बाद बुजुर्ग ने अडिशनल सेशन जज का रुख किया, लेकिन राहत नहीं मिली। फिर उन्होंने हाई कोर्ट में अपील दायर की। वहां से भी राहत न मिलने के बाद वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। शीर्ष अदालत ने पूरे मामले की सुनवाई के बाद बुजुर्ग को राहत दी है। कोर्ट ने साफ किया कि उनकी टिप्पणी गलत तो है, लेकिन आपराधिक केस नहीं बना सकते। यह मामला अब ऐसे अन्य केसों के लिए भी नजीर बन सकता है।

## सहमति से बनाया गया संबध रेप नहीं: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली,4 मार्च।** दिल्ली हाई कोट ने एक युवक को रेप के आरोप से बरी करते हुए कहा कि विवाह के वादे केवल किसी भी लंबे समय तक सहमति वाले शारीरिक संबंध को नहीं मान सकता. दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जसमीत सिंह ने कहा कि किसी व्यक्ति को रेप का दोषी ठहराने के लिए यह साबित करना चाहिए कि शादी केवल इसी झूठे वादे पर आधारित थी और यह वादा शुरू से ही धोखे की नीयत से किया गया था.दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में फैसला दिया कि सहमति से बना शारीरिक संबंध एक लंबे समय तक जारी रहता है, तो यह विवाह के वादे पर आधारित नहीं हो सकता. किसी को दोषी ठहराने के लिए स्पष्ट और स्पष्ट प्रमाण होना चाहिए कि सहमति से बना शारीरिक संबंध एक लंबे समय तक जारी रहता है और इसे कभी पूरा नहीं करने की मंशा नहीं थी. यह मामला एक युवक से जुड़ा है, जो घटना के समय 18 साल 6 महीने का था. 13 सितंबर 2023 को दिल्ली की एक निचली अदालत ने उसे अपहरण और रेप की धारा 366 के तहत 10 साल की सजा सुनाई थी. यह मामला नवंबर 2019 में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा था, जिसमें महिला के पिता ने अपनी 20 साल की बेटी के लापता होने की शिकायत की थी. दोनों हरियाणा के धारूहेड़ा में मिले, जहां युवक को गिरफ्तार किया गया. युवक के वकील प्रदीप के. आर्य ने कोर्ट में कहा कि मामला प्रेम और सहमति से बने संबंध का था, जिसमें कोई आपराधिकता नहीं थी. उन्होंने कहा कि निचली अदालत ने इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि शादी के वादे के आधार पर कोई शारीरिक संबंध नहीं था, बल्कि महिला अपनी इच्छा से युवक के साथ गई थी. दिल्ली पुलिस ने कहा कि निचली अदालत ने सभी साक्ष्यों को सही तरह से

## साइकिल के लिए युवक की पीट-पीटकर हत्या

**बिलासपुर,4 मार्च।** जिले के बेलगहना चौकी क्षेत्र के सेमरी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां महज साइकिल के लिए दो भाइयों ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी और फिर शव जलाकर सबूत मिटाने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है मृतक की मां बालकुंवर भैना ने 28 फरवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनका बेटा मिलाप सिंह भैना 22 फरवरी की रात से लापता है। उन्होंने बताया कि गांव का सतबीर यादव उसे घर से बुलाकर ले गया था। पुलिस ने सतबीर यादव और उसके भाई देवनाथ यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो उन्होंने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन जब पुख्ता सबूत मिले तो उन्होंने हत्या की बात कबूल कर ली। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मिलाप सिंह भैना ने सतबीर यादव से कुछ घंटों के लिए साइकिल मांगी थी, लेकिन उसने उसे बेचकर पैसे खर्च कर दिए। यह जानकर दोनों भाई गुस्से में आ गए और 22 फरवरी की रात 10 बजे मिलाप को घर बुलाकर उसके दोनों पैर बांध दिए। फिर लकड़ी के डंडे से बुरी तरह पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को रोकी सभी सैन्य मदद

**वाशिंगटन,4 मार्च।** यूक्रेनी सरकार ने यूक्रेन को सैन्य सहायता रोकने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले की कड़ी निंदा की है। एक शीर्ष आधिकारिक चेतावनी के साथ कि यह कदम कीव को रूस के सामने समर्पण की ओर धकेल सकता है। आपको बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी अमेरिकी सैन्य सहायता की आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। ट्रंप का यह निर्णय अमेरिका के राष्ट्रपति के कार्यालय 'ओवल ऑफिस' में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक अभूतपूर्व टकराव के बाद सामने आया है। यूक्रेन की संसदीय विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष ने इसके जवाब में कहा कि सहायता पर रोक वास्तव में बहुत खराब लग रही है। ऐसा लगता है कि वह कीव को समर्पण की ओर धकेल रहे हैं। खबर में कहा गया है कि सैन्य सहायता रोकने का ट्रंप का निर्णय अमेरिकी नेता और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित वरिष्ठ सहयोगियों के बीच व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का



आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में ''कई बैठकों'' के बाद लिया गया। अधिकारी ने कहा कि ''यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक'' ट्रंप यह निर्धारित नहीं कर लेते कि यूक्रेन ने रूस के साथ शांति वार्ता के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। आदेश में ''यूक्रेन सुरक्षा सहायता पहल के माध्यम से सैकड़ों करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता पर भी रोक लगा दी गई है। इस पहले के माध्यम से धन प्रदान किया जाता है और यूक्रेन इसका इस्तेमाल केवल अमेरिकी रक्षा कंपनियों से सीधे नए सैन्य हार्डवेयर खरीदने के लिए कर सकता है।

## राजेश भैया आप मंत्री कब बन रहे, जवाब दिया-2047 तक

**रायपुर, 4 मार्च।** विधानसभा में मंगलवार को हास परिहास के कई वाकए हुए। शुरूआत नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से प्रश्न पर चर्चा में हुई। महंत ने महतारी वंदन योजना पर महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से अपने प्रश्न नें कहा कि मैं प्रश्न कर परेशान नहीं करूंगा,उमेश पटेल काफी कर चुके हैं। महंत ने मृत हितग्राही महिलाओं की सूचना मिलने और उसके बाद कितने दिन महीनों तक राशि जारी होने और कब इसके रूकने की जानकारी पूछा था। इस पर भाजपा के राजेश मूणत ने महंत से कहा कि नेता जी आप लोग भी सरकार में थे,आप लोग ही ठीक से दे देते तो प्रश्न की जरूरत नहीं पड़ती। इस पर कांग्रेस के विक्रम मंडावी ने चुटकी लेते पूछा राजेश भैया आप कब मंत्री बन रहे हो। इसका जवाब कांग्रेस के ही विधायक ने दिया-2047 तक। यह सुनकर सदन में हंसी गूंजी। इससे पहले भाजपा के अजय चंद्राकर ने खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल और विभाग के कामकाज के तरीके पर चुटकी ली। दरअसल सदन में आज धान खरीदी, अमानक बारदाना, धान तस्करी जब्ती पर कई प्रश्न उठे। और मंत्री हर प्रश्न के जवाब पर विधायकों से एक ही बात कहते रहे लिखित में दे दें दिखवा लूंगा, परीक्षण करा लूंगा, जानकारी दे दूंगा।

## वकील ने दी आत्महत्या की धमकी, भड़के जज ने दी नसीहत

**नई दिल्ली,4 मार्च।** देश के शीर्ष न्यायालय सुप्रीम कोर्ट में उस समय अजब स्थिति उत्पन्न हो गई, जब सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका के सामने वकील ने आत्महत्या की धमकी दी। जस्टिस अभय एस ओका की पीठ के सामने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए वकील ने अपनी दलीलें रखते हुए यह धमकी दी। वकील की इस धमकी के बाद जस्टिस ओका भड़क उठे उसके बाद सख्त चेतावनी दी। जस्टिस ओका ने कहा कि हम बार के मेंबर की ओर से इस तरह का आचरण बर्दाश्त नहीं करेंगे। धमकी देने वाले वकील से जस्टिस ओका ने कहा कि आप अदालत को कैसे धमकी दे सकते हैं। अगर हम आपकी प्रार्थना स्वीकार नहीं करेंगे तो आप आत्महत्या कर लेंगे? आप एक वकील हैं। हम बार काउंसिल से आपका लाइसेंस कैंसल करने और एफआईआर दर्ज करने के लिए कहेंगे। दरअसल एक मामले की सुनवाई जस्टिस अभय एस ओका की पीठ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कर रही थी। जब दो वकीलों के आपसी झगड़े की सुनवाई के दौरान एक अधिवक्ता ने खुदकुशी की धमकी दे डाली। इस पर जस्टिस ओका ने वकील से कहा कि हम आपको चेतावनी दे रहे हैं। अगर आप कोर्ट को धमकाते हैं तो हम आपके खिलाफएफआईआर दर्ज करने का आदेश देंगे। हम बार के मेंबर की ओर से इस तरह का आचरण बर्दाश्त नहीं करेंगे। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने वकील से कहा कि वह सात मार्च तक लिखित माफीनामा दाखिल करें वरना परिणाम भुगतने को तैयार रहें। इसके बाद वकील ने अपना वीडिया कान्फ्रेंस लिंक कथित तौर पर बंद कर दिया। पीठ ने कहा कि अब वह चले गए हैं. पीठ ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट कक्ष में मौजूद उनके वकील से उनके आचरण के लिए माफी मांगने को कहा। जब मामला फिर से सुनवाई के लिए आया, तो वकील वीडियो-कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुए और कहा कि मैं दिल से माफ़ी मांगता हूं। मैं भावुक हो गया था। हालांकि, जस्टिस ओका ने कहा कि नहीं, हम शुक्रवार (7 मार्च) तक लिखित माफी चाहते हैं। पीठ ने कहा कि वह वकील को माफी मांगने के लिए मजबूर नहीं कर रहे हैं, लेकिन उसने उसे अनुपालन नहीं करने की स्थिति में होने वाले परिणामों को लेकर आगाह किया।

## शेर के शावकों को मोदी ने दुलारा

**गांधीनगर,4 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जामनगर में वंतारा पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर थे। वंतारा 2,000 से अधिक प्रजातियों और 1.5 लाख से अधिक बचाए गए, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जानवरों का घर है। पीएम ने वहां पुनर्वासित किए गए जानवरों की विभिन्न प्रजातियों के साथ निकटता से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने वंतारा में वन्यजीव अस्पताल का भी दौरा किया, जिसमें एमआरआई, सीटी स्कैन और आईसीयू सहित विभिन्न सुविधाएं हैं। अस्पताल में वाइल्डलाइफ एनेस्थीसिया, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एंडोस्कोपी, दंत चिकित्सा, आंतरिक चिकित्सा आदि सहित कई विभाग हैं। मोदी ने अस्पताल में एमआरआई कक्ष का भी दौरा किया और एक एशियाई शेर को एमआरआई कराते हुए देखा। उन्होंने ऑपरेशन थिएटर का भी दौरा किया जहां राजमार्ग पर एक कार से टकराने के बाद एक तेंदुए की जीवनरक्षक सर्जरी की जा रही थी और बचाव के बाद उसे यहां लाया गया था। प्रधानमंत्री को एशियाई शेर शावकों और सफेद शेर शावकों सहित विभिन्न प्रजातियों को खाना खिलाते और खेलते हुए भी देखा गया। जिस सफेद शेर के शावक को पीएम मोदी ने दूध पिलाया था, उसका



जन्म केंद्र में तब हुआ था जब उसकी मां को बचाया गया था और देखभाल के लिए वंतारा लाया गया था। पीएम मोदी शेर के साथ हाई फाइव करते भी नजर आए। वंतारा में क्लाउडेड लेपर्ड शावक और कैराकल सहित विभिन्न लुप्तप्राय प्रजातियाँ हैं। वंतारा में, कैराकल को उनके संरक्षण के लिए प्रजनन कार्यक्रम के तहत पाला जाता है। बाद में उन्हें जंगल में छोड़ दिया जाता है। केंद्र में बचाए गए जानवरों को उन स्थानों पर रखा जाता है जो उनके प्राकृतिक आवास को बारीकी से दर्शाते हैं। केंद्र में की गई कुछ प्रमुख संरक्षण पहलों में एशियाई शेर, हिम तेंदुआ, एक सींग वाले गैंडे सहित अन्य के लिए कार्यक्रम शामिल हैं। पीएम मोदी गोल्डन टाइगर के साथ भी आमने-सामने बैठे, चार स्नो टाइगर जो भाई थे और उन्हें एक सर्कस से बचाया गया था जहां उनसे करतब दिखाए गए थे।

**समाचार संक्षेप**



## घर में आग लगने से सामान खाक

**भिलाई ,4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** उतई थाना क्षेत्र के ग्राम सेलूद के एक घर में भीषण आग लगने से पूरा सामान जल गया है सूचना मिलते ही उतई पुलिस और नगर सेना की फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची है फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने के लिए रेस्क्यू आपरेशन चला रही है। सेलूद शास्त्री चौक निवासी राजू देवांगन के घर में आग लगी है उनका कच्चा मकान था।आग लगने के तुरंत बाद पूरा घर उसकी चपेट में गया। घर के छप्पर में लगी लकड़ियां और अंदर रखा घरेलू सामान जल गया.

## सरपंच-पंचों ने ली शपथ

**उतई ,4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत औंसर डिघारी में नवनिर्वाचित सरपंच प्रियालता महिपाल एवं सभी वार्ड पंचों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लिया। शपथ ग्रहण से पहले मां सरस्वती का पूजन वंदन किया गया। इस मौके



पर पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों, पंचों, रोजगार सहायक एवं सचिव ने नवनिर्वाचित सरपंच को सम्मानित भी किया । सरपंच ने पंचायत के पास कदम का पेड़ लगाकर गांव को हरा भरा बनाने एवं आदर्श ग्राम पंचायत बनाए जाने की बात कही। नवनिर्वाचित 15 पंचों में सुरेश वर्मा, मीना यादव, त्रिवेणी भारती, रोशनी चतुर्वेदी,चन्द्रकला वर्मा, श्यामाबाई भारती, अनीता ठाकुर, सुमित्रा यादव, गजेंद्र भारती, प्रकाश कुमार भास्कर, दौलतराम ठाकुर, सुकृता ठाकुर, खुमान यादव, भूपेश कुमार निर्मलकर, सुकदेव ने गांव का सर्वांगीण विकास करने की बात कही।

## नवनिर्वाचित सरपंच,पंचों ने ली शपथ

**पाटन ,4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** पाटन के ग्राम पंचायत चुनकट्टा के पंचायत परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच रौशनी सोनू राय और 13 पंचो ने अपने पद का



शपथ लिया।इस अवसर निवर्तमान ग्राम सरकार के सरपंच भूषण सिंह,उप सरपंच धनी यादव सहित उनके पंचगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के आसन्दी से बोलते हुए दिव्या कलिहारी, अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा दुर्ग ने नवनिर्वाचित ग्राम सरकार बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा की दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर ग्राम का विकास करें।

## मंजू वर्मा ने पंचों से साथ ली शपथ

**उतई ,4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खोपली के विकास के लिए ग्राम पंचायत खोपली के युवी नेत्री मंजू फत्तेलाल वर्मा ने पंचों के साथ ली



ग्राम विकास की शपथ। मंजू वर्मा ने कहा की इस गर्मी में पेय जल कि व्यवस्था को पहले प्राथमिकता दूंगी और पूरे गांव में विधायक ललित चंद्राकर के जन सहयोग से पूरा विकास करवाया जायेगा। मंजू वर्मा भाजपा महिला मोर्चा में पहले भी काम कर चुकी हैं।



**कवर्धा ,4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** शपथ लेने के बाद इंदौरी नगर पंचायत अध्यक्ष का पदभार संभाला और अध्यक्ष मित्रीन मांडले ने कहा की स्वच्छता अभियान के साथ साथ वार्डो में सर्वांगीण विकास पर हमेशा ध्यान रखूंगी ।

## दुर्घटना के कारण निधन होने पर 30 लाख का बीमा कवरेज

**भिलाई, 4 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कार्मिकों की एक प्रमुख कल्याणकारी संस्था, स्टील इम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन जो समय-समय पर अपने सदस्यों को अधिक से अधिक सहायता प्रदान करने का प्रयास करती है। इसी प्रयास के तहत 11 जनवरी को सम्पन्न सेवा शासी निकाय की विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दुर्घटनाजनित निधन के लिए सामूहिक बीमा कवरेज प्राप्त किया जाएगा।



# बजट से विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना होगी पूरी : रिकेश

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भिलाई, 4 मार्च।** पीएम आवास के लिए 8500 करोड़, महतारी वंदन के लिए राशि, नक्सलवाद के मद्देनजर बस्तर फाइटर की भर्ती का यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को पूरा करने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आज छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत बजट पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विष्णु सुशासन का बजट पेश किया है। इस बजट से हर वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी। इस बजट से विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना पूरी होगी। सरकार का पहला बजट ज्ञान और इस बार दूसरा बजट विकास की गति का बजट है, इस बजट में छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए पिटारा खोल दिया गया है जिससे खेती किसानी को बढ़ावा मिलेगा। 17 नए नगरीय निकायों में नालंदा परिसर विकसित किए जाएंगे। बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, जांजगीर चांपा और जशपुर में सायबर थाना, 10 जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, 12 अतिरिक्त नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, 6 नए फिजियोथेरेपी सेंटर खोले जाएंगे। 17 नए नगरीय निकायों में नालंदा परिसर विकसित किए जाएंगे। इसके लिए 100 करोड़ का प्रावधान है। 5 नए साइबर थाने बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, जांजगीर चांपा और जशपुर में खुलेंगे। 10 जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। इस बजट में 12 अतिरिक्त नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की जाएगी। अब नर्सिंग कॉलेज की संख्या 8 से बढ़कर 20 हो जाएगी। 6 नए फिजियोथेरेपी सेंटर खोले जाएंगे। दुर्ग-कबीरधाम में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, दुर्ग में संभाग स्तरीय स्टेडियम निर्माण और फिजियोथैरेपी कॉलेज दुर्ग शुरू होगा।



बालोद में जिला उद्योग कार्यालय का निर्माण, राजनांदगांव में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, डोंगरगढ़ में ड्ड शेप का पुल और परिक्रमा पथ भी बनेगा। विधायक रिकेश ने कहा कि इस अद्भुत और विकासशील बजट में 1 रुपए पेट्रोल सस्ता करने और सरकारी कर्मचारियों को 53 प्रतिशत डीए की घोषणा की गई है। 3200 बस्तर फाइटर्स की भर्ती घोर नक्सल प्रभावित बीजापुर में 200 बिस्तर नया अस्पताल खुलेगा। रायपुर से दुर्ग के लिए मेट्रो रेल सर्वे के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। महतारी वंदन योजना के लिए 5 हजार 500 करोड़, पीएम आवास के लिए 8 हजार 500 करोड़ और पीएमश्री स्कूल के लिए 277 करोड़, स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 1500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो रेल चलने से दुर्ग भिलाई क्षेत्र के लोगों को राजधानी पहुंचने में आसानी होगी। दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज, सीएम सुशासन फैलोशिप, मोबाइल कनेक्टिविटी से प्रदेश के सभी गांव जोड़ने मुख्यमंत्री मोबाइल टॉवर योजना, ई-गवर्नेंस के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान, सीएम हेल्पलाइन के लिए 22 करोड़ रुपये, नई सड़कों के लिए 2 हजार करोड़ का प्रावधान, रिंग रोड के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान, छत्तीसगढ़ में स्टेट डाटा सेंटर शुरू होगा। अनेक जिलों में फूड पार्क बनाए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी के लिए 9500 करोड़ रुपये का प्रावधान, छत्तीसगढ़ में नदियों को जोड़ने के लिए सर्वे, नेशनल हाईव रखरखाव के लिए 20 करोड़ का प्रावधान, न्यायालय में डिजिटल सेवा को बढ़ावा, पर्यटन को भी उद्योग का दर्जा, राम मंदिर दर्शन के लिए 36 करोड़ का प्रावधान किया। नया रायपुर में निफ्ट की स्थापना, आदिवासी संस्कृति के लिए संग्रहालय, 2025 को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। 12 नए नर्सिंग कालेज संख्या आठ से बढ़कर 20 हो जाएगी-34 करोड़ का प्रावधान, अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। 100 एकड़ में मेडिसिटी, 100 एकड़ में एडु सिटी के लिए भी प्रावधान किया गया है।

# युवक से 1.69 लाख की ठगी

**भिलाई ,4 मार्च** ■ तरुण छत्तीसगढ़

होटल व रेस्टोरेंट की गूगल पर आनलाइन रेटिंग देकर रुपये कमाने का झांसा देकर आदित्य शिवम से एक लाख 69 हजार 700 रुपये की ठगी की गई है पीड़ित युवक ने को भिलाई नगर थाने में शिकायत की पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-पांच निवासी शिकायतकर्ता आदित्य शिवम के वाट्सएप पर 12 दिसंबर 2024 को किसी दिव्या शर्मा का मैसेज आया था। जिसमें डिजिटल मार्केटिंग का काम कर रोजाना साढ़े तीन हजार रुपये तक कमाने की बात लिखी थी। इस काम में दुनियावर के बड़े होटल व रेस्टोरेंट को गूगल पर स्टार रेटिंग और अंग्रेजी में कमेंट करना था मैसेज में लिखी बातों के झांसे में आकर पीड़ित ने काम करने के लिए हामी भर दी फिर शिकायतकर्ता को टेलीग्राम पर किसी अंजली शर्मा नाम की महिला के नंबर से एक लिंक दिया गया जिसे ओपन कर शिकायतकर्ता ने कुछ टास्क को पूरा किया इसके एवज में उसे तीन से चार बार एक से दो हजार रुपयों का भुगतान भी मिला इस तरह से पीड़ित को आरोपितों पर विश्वास हो गया। तब आरोपित अंजली ने किसी विहान कबीर से संपर्क करवाया उसने क्वाइन स्विच नाम के एप्लीकेशन का लिंक देकर उस पर शिकायतकर्ता के मोबाइल से लागिन करवाया आरोपित विहान ने कहा कि आइडी बनने के बाद यदि वो कुछ रुपये निवेश कर काम करता है तो उसे काफी ज्यादा मुनाफा होगा। आरोपित की बातों में आकर शिकायतकर्ता ने 12 दिसंबर 2024 को ही अलग-अलग बार में विभिन्न खातों में कुल एक लाख 69 हजार 700 रुपये जमा कर दिए इसके बाद शिकायतकर्ता को काम के बदले में कोई रुपये नहीं मिले तो उसने आरोपितों से अपने रुपये वापस मांगे इस पर आरोपितों ने शिकायतकर्ता से रुपये देने के पहले डेढ़ लाख रुपये और मांगे आरोपितों ने कहा कि यदि वो रुपये नहीं देता है तो उसके पूरे रुपये ब्लाक हो जाएंगे तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ आरोपितों ने विभिन्न खातों में रुपये जंमा करवाकर की युवक से ठगी सेक्टर-पांच निवासी आदित्य शिवम ने दर्ज कराई शिकायत।

## बैंक ऋणी अक्षत मोटर्स में की गई जब्ती की कार्रवाई

**भिलाई, 4 मार्च।** मार्च क्लोजिंग में आचार संहिता खत्म होने के बाद बैंक ऑफ़ इंडिया के द्वारा जब्ती कार्रवाई की गई। कार्यवाही इतने खुफिया तरीके से की गई कि किसी भी बड़े अधिकारी को खबर भी नहीं लगी। अक्षत मोटर्स के मालिक किसी भी कोर्ट में जाते, उतना भी समय नहीं मिला। शुक्रवार को जब्ती आदेश तहसीलदार के द्वारा जारी किया गया। शनिवार एवं रविवार की छुट्टी होने के कारण ऋणी को कोर्ट में अपील करने का मौका नहीं मिला और सोमवार को सुबह-सुबह बैंक और तहसील कार्यालय अधिकारियों द्वारा कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई थी। बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर के निर्देश के बाद बैंक के प्राधिकृत अधिकारी सनी साईं, नीलाभ, शशांक के नेतृत्व में कार्यवाही की गई।

# एसडीएम ने इंदौरी नगर पंचायत अध्यक्ष मित्रीन बाई मांडले को दिलाई शपथ

**कवर्धा ,4 मार्च** ■ तरुण छत्तीसगढ़

एसडीएम आकांक्षा नायक ने इंदौरी नगर पंचायत अध्यक्ष मित्रीन बाई मांडले और सभी पार्षदों को दिलाई शपथ और शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व विधायक अशोक साहू , जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी , जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर , पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भुवनेश्वर चंद्राकर उपस्थित रहे । पूर्व विधायक अशोक साहू और जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है और इंदौरी नगर पंचायत विकास की और अग्रसर रहेगी ।वरिष्ठ बीजेपी नेता सीताराम साहू ने कहा की पंडरिया विधायक भावना बोहरा दीदी के मार्गदर्शन में इंदौरी नगर पंचायत विकास की दिशा में अग्रसर रहेगा । आभार प्रदर्शन सीएमओ प्रदीप सिंह ठाकुर ने किया । नायाब तहसीलदार श्रीमती कावेरी मुखर्जी , राजेश चंद्रवंशी लेखापाल , इंजीनियर राजेश मिश्रा ओर समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे । सीएमओ ने बताया की मूलभूत सुविधाएं अच्छे से लोगो को मिले ओर शासन की योजनाओं का लाभ हर हितग्राहियों को मिले जिस पर विशेष ध्यान रहता है । अध्यक्ष मित्रीन मांडले के मार्गदर्शन में इंदौरी नगर पंचायत में सर्वांगीण विकास पर हमेश फोकस रहेगा ।







# मरार (पटेल ) समाज के युवा संगठित होकर समाज को आगे ले जाने का काम करें:ताम्रध्वज साहू

**दुर्ग ,4 मार्च** ■ तरुण छत्तीसगढ़

ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनोरा में हर साल की भांति इस साल भी बड़े धुम धाम के साथ शाकंभरी महोत्सव एवं सामाजिक सम्मेलन धूमधाम से मनाई गई। जिसमें पटेल समाज द्वारा सुबह से ही ग्राम के सभी गलियों में साफ-सफाई की उसके बाद ग्राम धनोरा में माता शाकंभरी की शोभा यात्रा निकाली गई, जो ग्राम के सभी गलियों में घूमते हुए मंच पर पहुंचे। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा की पटेल समाज के युवा संगठित होकर समाज के आगे ले जाने का काम करें।मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू जी पूर्व मंत्री छः ग शासन, श्रद्धा साहू जी जिला पंचायत सदस्य, जितेन्द्र टंडन जी जन्पद सदस्य गया राम पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग माननिय श्रीमती रुलेशवरी बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा आदि अतिथियों के द्वारा उदबोधन एवं समाज में उत्कृष्ट सम्मान बुजुर्ग सम्मान खेल सम्मान शिक्षा सम्मान किया गया कार्यक्रम में लगभग 42 गांव से समाजिक लोग उपस्थित थे।इस अवसर पर यशवंत पटेल मनोज पटेल मीडिया प्रभारी, मोनेद्र पटेल मोहन पटेल शेष नारायण रमेश पटेल थैलेश प्रकाश रोमन कल्याण पटेल प्रदीप प्रन्मेशवर अवध रमेश पटेल रविश दीपक तानू राम जीवन कुंभकरण पटेल अशवनि पटेल कुंज लाल पटेल इतवारी नीलकमल पटेल श्रीमती प्रभा पटेल पुजा पटेल चन्द्रीका लीला पटेल कामनी हितेश पटेल रेखा दशरि पटेल आदि बढ़ी ही संख्या में समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




## निष्पक्षतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने पार्षद ने ली शपथ

**रिसाली ,4 मार्च** ■ तरुण छत्तीसगढ़

वार्ड 34 उपचुनाव में निर्वाचित हुए पार्षद राहुल राय ने सोमवार की शाम निष्पक्षता पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने शपथ ली। उन्हें कलेक्टर ऋचा प्रकाश चैधरी ने शपथ दिलाई। शाम 4 बजे रिसाली निगम के सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। शपथ ग्रहण के पूर्व महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चैधरी का स्वागत किया। शपथ ग्रहण समारोह में एम.आई.सी. जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह, संजू नेताम, ममता यादव, डॉ. सीमा साहू, परमेश्वर कुमार समेत पार्षदगण उपस्थित थे।




# मुंगेरीलाल के सपने दिखाने वाला है बजट:देवेन्द्र

**भिलाई, 4 मार्च ,4 मार्च** ■ तरुण छत्तीसगढ़

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने बजट प्रदेश के विकास की रूपरेखा होती है, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा सदन में पेश बजट में युवा, किसान और महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं है। जो कि बहुत ही निराशाजनक है। प्रदेश के इतिहास का सबसे खराब बजट है। भाजपा की सरकार प्रदेश की जनता को गुमराह करने और मुंगेरीलाल के सपने दिखाने वाला बजट पेश किया है। इसमें धरातल पर कुछ भी नहीं है। प्रदेश के किसान भाइयों, आदीवासी भाई.बहनों, युवा साथी और, महिलाओं के हित के लिए कुछ भी नहीं है। यह प्रदेश की जनता को गुमराह करने वाला बजट है। प्रदेश सरकार सिर्फ अपनी नाकामी को छिपाने के लिए बड़ी.बड़ी बातें कर रही है और ड्रामेबाजी कर रही है। पूरे बजट को पढ़ने और विशलेषण करने के बाद कहीं भी गांव.गरीब, मजदूर, किसानों की आय बढाने के लिए कुछ भी योजना नहीं है। इस बजट से हर वर्ग को सिर्फ निराशा ही मिलेगी। बेहतर भविष्य की कोई उम्मीद भी दूर तक नजर नहीं आ रही है। इस तरह के बजट से प्रदेश को अंधकार की ओर ले जाने की तैयारी है। इस बजट में नए कवर में पुराने पुस्तक को दिखाने की बात की गई है। पिछले वर्ष एससीआर के लिए बात हुई थी। इस वर्ष भी एससीआर के लिए सिर्फ बातें ही की गई है। बजट में पिछले वर्ष 5 करोड़का प्रावधान किया गया थ। इस वर्ष भी उतनी ही राशि रखी गई है। युवाओं की भर्ती के लिए कोई भी योजना नहीं है। जबकि उनकी सरकार की तात्कालिक शिक्षा मंत्री और सांसद मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा घोषणा किए गए 30000 शिक्षक भर्ती का कहीं भी नामोनिशान नहीं है। भूपेश बघेल ने भिलाई में नालंदा परिसर के लिए 20 करोड रुपए की घोषणा की थी भूमि पूजन कर कार्य शुरू करवाया था। पिछले साल साय सरकार ने सभी नगरीय निकायों में नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी खोलने की बात की थी,लेकिन 1 साल के बाद भी एक ईंट तक नहीं रखी गई है। महिलाओं के लिए महतारी सदन निर्माण के लिए 50 करोड़ की घोषणा की गई थी इस वर्ष भी 50 करोड़ की घोषणा की गई है आखिर सरकार के पास वर्ष तक सिर्फ विकास को बजट पत्र में रखने की मंशा नजर आ रही है। सन 2012 में माननीय मुख्यमंत्री रमन सिंह ने राजनांदगांव से रायपुर तक मेट्रो चलाने की बात की थी इस वर्ष दुर्ग से मेट्रो की शुरुआत के लिए 5 करोड रुपए का प्रावधान है। शब्दों के जाल में फंसा कर भविष्य की बात की जा रही है वर्तमान और मूलभूत जीवनशैली के लिए कोई भी योजना नहीं है ।



# 15 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्र्स परिसर का कराया जाएगा निर्माण

**भिलाई,4 मार्च** ■ तरुण छत्तीसगढ़

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के हृदय स्थल जी.ई. रोड के समीप प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में 15 करोड़ की लागत से 17 एकड़ में बनेगा स्पोट्स परिसर। जो पुरी तरह से आधुनिक होगा, यहां पर हार्स राईडिंग, स्वीमिंग पूल, स्केटिंग ट्रेक, रनिंग ट्रेक, 400 लोगो के बैठने लायक आडिटोरियम, पार्किग, दुकान, बाउण्ड्रीवाल सजावट लाइटिंग इत्यादि के साथ निर्माण प्रस्तावित है। जिसका भव्य गेट नेशनल हाईवे 53 से लगा हुआ होगा। जिला कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को लेकर पहुंचीं। उपस्थित निगम के अभियंताओ से पूरी विस्तृत जानकारी ड्राइंग एवं डिजाइन के साथ प्राप्त की। कहां से कहां तक रनिंग ट्रेक, स्वीमिंग पुल, आडिटोरियम, हार्स राईडिंग, स्केटिंक ट्रेक, पार्किंग, दुकान, बाउण्ड्रीवाल के प्रस्तावित स्वरूप के बारे में पुरी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिला कलेक्टर का सुझाव था कि इस प्रकार का निर्माण हो, जिससे इस क्षेत्र के खिलाड़ियो को प्रोत्साहन मिले। हमारे जिल से राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी विजयी होकर निकले और राज्य एवं देश का नाम रोशन करें। यहां पर भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भी हो सके। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है, उनके द्वारा इस प्रकार का बहु उपयोगी स्पोर्ट्स परिसर का निर्माण करने का सुझाव दिया गया था। जिसके उपर निगम आयुक्त द्वारा अपने विभागीय जोन आयुक्त एवं अभियंताओ से विचार-विमर्श किया गया।



# यूनिवर्सल रेल मिल ने फरवरी माह में बनाये कई नए उत्पादन रिकॉर्ड

**भिलाई ,4 मार्च** ■ तरुण छत्तीसगढ़

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाइयों में से एक यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) ने एक बार फिर अपनी परिचालन दक्षता का प्रदर्शन करते हुए कई नए सर्वश्रेष्ठ मासिक और दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। फरवरी 2025 में यूआरएम ने उत्पादन के कई महत्वपूर्ण मानकों में पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए। प्रमुख उपलब्धियों में 97.01 प्रतिशत की रिकॉर्ड यील्ड शामिल है, जो अगस्त 2024 में निर्धारित 96.2 प्रतिशत के पिछले सर्वश्रेष्ठ को पार कर गई। इसके अलावा, यूआरएम ने 130-मीटर रेल का 8,498 टन उत्पादन किया, जो अगस्त 2024 में बनाए गए 8,030 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया। फरवरी 2025 में प्राइम उत्पादन दर 80.28 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो नवंबर 2024 में बनाए गए 75.11 प्रतिशत के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर है। जबकि प्राइम टन प्रतिदिन 2,866 टन रहा, जो मार्च 2024 के 2,676 टन के रिकॉर्ड से अधिक है। इसी तरह, प्रतिदिन रोल किए गए ब्लूम्स ने 379 पर एक नया बेंचमार्क स्थापित किया, जो मार्च 2024 में 360 ब्लूम्स के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड से बेहतर है। फरवरी 2025 के दौरान मिल ने 10,603 यूनिट्स का रोलिंग आउटपुट दर्ज किया, जो फरवरी 2024 में बने 10,118 यूनिट्स से अधिक है। यूआरएम का फिनिश्ड प्रोडक्ट आउटपुट 82,731 टन तक बढ़ा, जो पिछले साल के 79,108 टन से अधिक है, जबकि प्राइम उत्पादन 80,258 टन तक पहुंचा, जो पिछले साल के 75,223 टन से बेहतर है। इसके अतिरिक्त, पैनल उत्पादन और निरीक्षण आंकड़े क्रमशः 4,885 और 4,930 यूनिट्स तक पहुंचे, जो 2024 के 4,762 पैनल उत्पादन और 4,776 निरीक्षणों से अधिक हैं। साथ ही 28 फरवरी 2025 को यूआरएम ने 454 ब्लूम्स रोल कर एक नया दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड स्थापित किया.



## एक नजर

### 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू, कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 04 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज माध्यमिक शिक्षा मंडल



रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्र शासकीय पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव एवं श्री गुरूनानक हाई सेकेण्डरी स्कूल राजनांदगांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा के दौरान आवश्यक व्यवस्था के लिए केन्द्राध्यक्षों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 88 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है।

### सर्वव्यापी बजट से छत्तीसगढ़ के प्रत्येक वर्ग को होगा लाभः ठाकुर

**रायपुर, 04 मार्च।** आज विधानसभा में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार के वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी ने छत्तीसगढ़ का बजट प्रस्तुत किया



बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ का 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ का भारी भरकम बजट जिसको ÷ गति ÷ नाम दिया गया सराहनीय है बजट में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ चाहे कर्मचारी वर्ग हो 53त्न डी.ए. या युवा वर्ग के लिए शिक्षा विभिन्न संस्थानों का निर्माण और साथ ही साथ रोजगार सृजन हेतु लिए गए निर्णय या फिर बात छत्तीसगढ़ को विकास के नए पहिए देने अधोसंरचना निर्माण जैसे रायपुर से दुर्ग मेट्रो के सर्वेक्षण का प्रावधान किया गया और नई सड़कों के निर्माण के लिए 2000 हजार करोड़ का प्रावधान हर क्षेत्र में बजट सराहनीय है और हर वर्ग को लाभान्वित करेगा हम प्रदेश के विकास को ध्यान में लाए गए अंतरिम बजट का स्वागत करते हैं।

### अवमानक खाद्य सामग्री ब्रिकी करने पर ढाबा संचालक पर 50 हजार का जुर्माना

**राजनांदगांव 04 मार्च।** अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी श्री सीएल मार्कण्डेय द्वारा अवमानक एवं मिथ्याछाप खाद्य प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले राजनांदगांव तहसील के ग्राम टेड़ेसरा स्थित मेसर्स महाराजा ढाबा के संचालक श्री अवधेश मिश्रा पर खाद्य सामग्री अवमानक पाये जाने पर 50 हजार रूपए का अर्थदण्ड लगाया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मेसर्स महाराजा ढाबा से दाल फ्राई, सब्जी, पनीर, खोवा, मिनी पेड़ा, मावा मिठाई सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने आशंका के आधार पर संग्रहित कर गुणवत्ता जांच के लिए राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था।

### लाईवलीहुड कॉलेज में 7 मार्च को काउंसिलिंग कैम्प

**जगदलपुर 04 मार्च।** जिला परियोजना लाईहवलीहुड कॉलेज आड़ावाल जगदलपुर में 7 मार्च 2025 को निःशुल्क एवं आवासीय प्रशिक्षण हेतु काउंसिलिंग कैम्प का आयोजन किया गया है। इन योजनाओं के तहत ट्रैक्टर मैकेनिक, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, असिस्टेंट मेंशन कोर्स हेतु इच्छुक अभ्यिर्थियों आधार कार्ड, अंकसूची की छायाप्रति, तथा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उक्त दिवस को प्रातः 11 बजे इच्छुक आवेदक संबंधित कोर्स के लिए अपना बायोडाटा एवं सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ आड़ावाल जगदलपुर में आकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

### आईटीआई राजनांदगांव में 6 मार्च को प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव 04 मार्च।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 6 मार्च 2025 को सुबह 10.30 बजे से ड्रोल्स पेट फूड प्राईवेट लिमिटेड राजनांदगांव द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में व्यवसाय विद्युतकार, मैकेनिक डीजल, फिटर, वेल्डर, टर्नर, इन्स्ट्रुमेंटेशन, फिटर + अप्रेंटिसशिप इन बॉयलर, विद्युतकार+अप्रेंटिसशिप इन बॉयलर में आईटीआई उत्तीर्ण पुरूष प्रशिक्षार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र के साथ सम्मिलित हो सकते है।

# नया बजट विकसित छत्तीसगढ़ की ओर ले जाने वाला है : डिप्टी सीएम साव

- गुड गवर्नेंस, एक्सलरेटिंग टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ से विजन-2047 के लक्ष्य को करेंगे हासिल
- सांय-सांय विकास, अंतिम व्यक्ति की चिंता वाला बजट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 4 मार्च।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज विधानसभा में प्रस्तुत आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह विकसित छत्तीसगढ़ की ओर ले जाने वाला बजट है। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण की रजत जयंती वर्ष की झलक है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी द्वारा मुख्य रूप से विकास के चार प्रतिमानों गुड गवर्नेंस, एक्सलरेटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ यानि %गति (त्र्ज्ञद्ध)% पर जोर देने वाला समावेशी बजट विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को हासिल करने में सहायक सिद्ध होगा। इसके लिए बजट में कुल एक लाख 65 हजार 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ इस वर्ष अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। यह छत्तीसगढ़ का निर्माण करने वाले भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है।उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि आज पेश हुए बजट में सरकार ने किसानों की तरक्की के लिए कृषक उन्नति योजना में दस हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 8500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत 100 करोड़ रुपए तथा मातृ शक्ति के लिए महतारी वंदन योजना में 5500 करोड़ रुपए प्रावधानित हैं। उन्होंने कहा कि



आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में लोक निर्माण विभाग के लिए 9500 करोड़ रुपए और राज्य के हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन में 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान है। न्यायिक प्रकिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए भी प्रावधान किए गए हैं। नगर निगमों में डीपीआर आधारित विकास की नई योजना मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के लिए भी 500 करोड़ रुपए रखे गए हैं। मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना के लिए दस करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। श्री साव ने कहा कि बजट में सभी वर्गों की जरुरतों और अपेक्षाओं का ध्यान रखा गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में छह नए फिजियोथैरेपी कॉलेज और 12 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। आईटीआई को अपग्रेड करने 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राज्य को नक्सल मुक्त करने 3200 बस्तर फाइटर की भर्ती की जाएगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराने तीर्थ यात्रा योजना को फिर से शुरू कर रही है जिसे पिछली सरकार ने रोक दिया था। इस बजट में तीर्थ यात्रा के लिए 15 करोड़ रुपए रखे गए हैं। हक त्याग व बंटवारा में लोगों के लाखों रुपए खर्च होते हैं। इसमें विवाद की स्थिति भी उत्पन्न होती है। इसे रोकने के लिए इसका शुल्क मात्र 500 रुपए किया गया है।

## भाठागांव के 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट के वाटर पाइप लाइन का लीकेज बंद करने 10 घंटे का शट डाउन किया

- 10 घण्टे का शटडाउन रहेगा
- 5 मार्च को सुबह नियमित जलप्रदाय होगा

**रायपुर, 04 मार्च।** रावणभाठा फिल्टर प्लांट के अंतर्गत 150 एमएलडी प्लांट के 1400 एमएम व्यास की एचएस रॉ वाटर पाईप लाईन में भाठागांव चैक के पास लीकेज मरम्मत हेतु 10 घण्टे का शटडाउन दिनांक 4 मार्च 2025 मंगलवार को लिया जाना है। इस सम्बन्ध में नगर निगम जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता फिल्टरप्लांट श्री नरसिंह फरेन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त रिपेयरिंग कार्य करने के कारण दिनांक 4 मार्च 2025 मंगलवार को 10 घण्टे का शटडाउन प्रस्तावित है. इस आवश्यक कार्य के कारण 150 एमएलडी प्लांट से भरने वाले ओवर हेड टैंक भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डी.डी.नगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सडडू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरबेड़ा एवं नया 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाले ओव्हरहेड टैंक बैरन बाजार (नया), देवेन्द्र नगर (नया), संजय नगर



एवं मोतीबाग ओव्हरहेड टैंक से दिनाक 4 मार्च .2025 मंगलवार को सुबह जलप्रदाय नियमित रूप से होगा तथा संध्याकालीन जलप्रदाय नहीं किया जायेगा. उपरोक्त के अलावा रायपुर शहर में स्थित अन्य जलागारों एवं पावरपम्पों से जलप्रदाय यथावत रहेगा. दिनाक 5 मार्च 2025 बुधवार को सुबह सभी टंकियों से नियमित रूप से जलप्रदाय व्यवस्था दी जाएगी।

## 256 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 10 मार्च को

**धमतरी 04 मार्च।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी आगामी 10 मार्च को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक बीमा सखी, सिटी कैरियर एजेन्ट, रूरल एजेंट, नॉर्मल एजेंट एवं हेड कुक, इलेक्ट्रीशियन और सिक्योरिटी गार्ड सहित कुल 256 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, स्नातक और आईटीआई उत्तीर्ण हो, वे इस साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए आवेदक सभी शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति, निवास, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### प्रशिक्षण सह कार्यशाला आज

**धमतरी 04 मार्च।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने तथा कोटपा एक्ट के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन 4 मार्च को किया जाएगा।

## जुमले वाला बजट,सरकार ने जनता के साथ फिर छलावा किया: छन्नी

- महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा पर कुछ नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया, 04 मार्च।** राज्य सरकार के बजट को लेकर पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ एक बार फिर छलावा किया है। 25 साल के छत्तीसगढ़ में सरकार ने 25 जुमला वाला बजट पेश किया है । आम आदमी गरीब किसान महिलाओं के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है स्कूल तथा महाविद्यालय के उन्नयन के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया जा रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि सरकार के बजट में 25 साल का जुमला दिखाई दे रहा है प्रदेश की आर्थिक प्रगति तथा



युवाओं तथा महिलाओं को नौकरी देने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है । राजनादगांव संसदीय छेत्र को बजट में क्या मिला राजनादगाँव मोहला मानपुर चौकी खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के लिए कितनी राशि बजट में प्रावधान किया गया आदिवासियों के उत्थान के लिए तथा महिलाओं के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार देने के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं का मानदेय भी नहीं बढ़ा है। एक बार फिर प्रदेश सरकार ने आम जनता को राहत देने के बजाय आहत करने वाला बजट पेश किया है जनता को झुनझुना थमा दिया है। राज्य सरकार के बजट से आम आदमी परेशान हैं और बजट में महंगाई कम करने के लिए भी कोई प्रावधान नहीं है । रोजगार के लिए कोई प्रावधान नहीं है। छन्नी साहू ने कहा है कि आखिर नशाबंदी की बात करने वाली भाजपा सरकार ने विदेशी शराब में टैक्स कम क्यों किया अब युवा नशे की ओर बढ़ेंगे तथा अपराध भी बढ़ेंगे। प्रदेश में जब से भाजपा सरकार है अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सरकार के इस बजट से अमीर और गरीब होंगे और गरीब और गरीब होंगे। बस्तर फाइटर की भर्ती के बजाय राज्य सरकार को पुलिस विभाग में रिक्त पदों पर बड़ी भरती करना चाहिए। बस्तर को छोड़कर अन्य जिलों के युवाओं के साथ राज्य सरकार के बजट में छलावा किया गया है। पुलिस विभाग तथा शासन के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भारती के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है औद्योगिक क्षेत्र में कोई प्रावधान नहीं है गरीब मजदूरों के लिए श्रमिकों के लिए बजट से आहत मिली है राहत की बजाय, राज्य सरकार ने गरीबों को आहत करने वाला बजट पेश किया है। किसानो के लिए निराश करने वाला बजट है हर पंचायत में कैस काउण्टर लगा कर किसानो को भुकतान करने हर पंचायत में बैक मित्र के पद पर बेरोजगारों को नौकरी देने का वायदा कर छत्तीशगढ़ के किसानों से धोखा कर रही है।

## एक हाथ से दे और दोनों से वसूल, यही है भाजपा के साय सरकार का उसूलः चुम्मन साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया, 04 मार्च।** जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू ने छत्तीसगढ़ बजट में भाजपा नीत विष्णु देव सरकार की शराब नीति पर पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि एक तरफ लो और दूसरी तरफ से दो की नीति आने वाले समय के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है जब कांग्रेस की सरकार थी तब भाजपा गला फाड़ फाड़ कर चिल्लाती थी कि शराब बंद होना चाहिए आज जब भारतीय जनता पार्टी की



सरकार छत्तीसगढ़ में है तो बंद क्यों नहीं करती? शराब बंदी करने के बजाय चौक चौराहे और शहर के बीचों बीच में दुकान खुलवाया जा रहा है साथ ही मोबाइल के द्वारा मनपसंद ऐप लॉन्च कर शराब प्रेमियों को मनपसंद शराब मुहैया कराया जा रहा है ,आज बजट सत्र के दौरान शराब में शुल्क की कटौती की गई है इसका परिणाम शराब विक्रय में इजाफा होगा ,क्योंकि यह सरकार की राजस्व का सबसे बड़े जरिया है कुल मिलाकर महतारी वंदन योजना के तहत पैसा दिया जा रहा है उसे वसूलने के लिए शराब की दुकान जगह-जगह खुलवा जा रहा है।

### धमतरी में अनआर्म्ड सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण

**धमतरी 04 मार्च।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में अनआर्मड सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास पुरूष आवेदक आगामी 10 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद स्थानीय स्तर पर नियोजन किया जाएगा।

## बजट में राज्य को तेजी से विकास के पथ पर ले जाने और 2030 के लक्ष्यों की ओर अग्रसर करने का संकल्प

# बजट गति' गुड गवर्नेंस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर केन्द्रित

- राजनांदगांव जिले में बजट को लेकर जनमानस में हर्ष व्याप्त
- कृषक प्रज्ञानंद मौर्य एवं गोवर्धन साहू ने कृषक उन्नति योजना के तहत 10 हजार करोड़ रुपए की घोषणा किए जाने पर खुशी जाहिर की



राजनांदगांव 03 मार्च 2025। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार के दूसरे साल का बजट विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष का बजट %गति' गुड गवर्नेंस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर केन्द्रित है। यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। राजनांदगांव जिले में बजट को लेकर जनमानस में हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि बजट से विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह बजट राज्य को तेजी से विकास के पथ पर ले जाने और 2030 के लक्ष्यों की ओर अग्रसर करने का संकल्प है। यह नवाचार, अधोसंरचना और समावेशी विकास को प्राथमिकता देने वाला बजट है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम केसला के कृषक श्री प्रज्ञानंद मौर्य ने बजट में कृषक उन्नति योजना के तहत 10 हजार करोड़ रूपए की घोषणा किए जाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन किसानहितैषी है और लगातार कृषकों के लाभ के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि पंपों के विद्युतीकरण के लिए 50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों को किसानों को खेती-किसानी में बहुत फायदा मिलेगा। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत 600 करोड़ रूपए के प्रावधान किए जाने पर शासन की प्रशंसा की। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला के किसान श्री गोवर्धन लाल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने किसान भाईयों के लिए अच्छा बजट पेश किया है। किसान, महिला, व्यापारी सभी वर्गों के लिए बड़ा बजट प्रस्तुत किया गया है। वही कृषक उन्नति योजना के तहत 10 करोड़ रूपए का प्रावधान करने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री सचिन अग्रहरि ने इस बजट में पत्रकार सम्मान निधि की राशि दोगुना करने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पत्रकारों के हित को ध्यान में रखते हुए एक अच्छी पहल की गई है।

## समाचार संक्षेप

### पंचायत प्रतिनिधियों को दिलाई गई शपथ



**डोंगरगढ़, 04 मार्च।** विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली में जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक सातपुते, करारोपण अधिकारी छत्रपाल ठाकुर, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक मोहनलाल साहू, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक ललित कुमार साहू, सहायक शिक्षक नीरज सिंह, ग्राम पटेल घनश्याम साहू, उपकार दास साहू, रिको राज वर्मा भारती साहू कमल किशोर साहू, अरेन दास साहू, योधन दास, अरविंद खोभा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भानुमति साहू, शांति बंजारे, रीता भादुड़ी, सुनीता बांसोड़,की गरिमामई उपस्थिति में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि सरपंच नंदकुमार साहू के शपथ ग्रहण कार्यक्रम आरंभ किया गया, सर्वप्रथम भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर फूलमाला के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आरंभ किया गया, कार्यक्रम के प्रथम चरण में पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तत्पश्चत उपस्थित जनपद सीईओ आलोक सतपुते द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच नंदकुमार साहू, पंच मूलचंद साहू, खेमचंद सहारे, श्रीमती सुप्रिया रानी गुप्ता, खिलेश्वरी साहू, मुन्नाराम यादव, ज्योति नेताम, पारख साहू, पुखराज साहू, सुनीता साहू, पूर्णिमा साहू , भंवर सिंह गोंड, सूर्य मानिकपुरी, भागचंद वर्मा, खुशबू साहू, ईश्वरी साहू, मोहनिश साहू, वंदना यूईके, जीना सांदेकर,को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधानों के अनुरूप शुद्ध अंतःकरण से बिना किसी पक्षपात के ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए शपथ दिलाया गया।

### नागतराई में मेधावी छात्र सम्मान एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया



**डोंगरगढ़, 04 मार्च।** सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में मेधावी छात्र सम्मान एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया सरस्वती शिशु मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी छात्र सम्मान एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सरपंच नारायणी मडावी पूर्व सरपंच श्रीमती क्षत्री वर्मा श्री भुवन दास वर्मा श्री गिरधारी मंडावी श्री रामेश्वर वर्मा एवं हरनसिंघी के सरपंच श्रीमती महेश्वरी यादव सम्मिलित हुए साथ ही कार्यक्रम में समस्त पालक एवं ग्राम के सभी ग्राम प्रमुख सम्मिलित हुए बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। स्वागत भाषण व्यवशथापक श्री पूरण पटेल ,अध्यक्ष श्री माखन लाल पटेल ने दी एवं आभर उपाध्यक्ष श्रीमती सीता टन्डन ने किया, पिछले सत्र में कक्षा में प्रथम स्थान पर रहे बच्चों को एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया।

### छत्तीसगढ़ की प्रगति का बजटः किरण वैष्णव

**छुरिया, 04 मार्च।** जिला पंचायत सदस्य किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार हस्तलिखित बजट पेश हुआ है।यह बजट



छत्तीसगढ़ की प्रगति का बजट है। विधानसभा में आज ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने हस्तलिखित बजट पेश किया। यह बजट खुद वित्त मंत्री के हाथों से लिखा गया बजट सदन में प्रस्तुत किया। यह बजट 100 पृष्ठों की है, जिसे पूरी तरह हाथ से लिखा गया है। यह बजट हमारे छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य का बजट है, प्रदेश के सभी वर्गों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का बजट है। यह बजट सभी वर्गों के लिए खुशहाली का बजट है। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि मोदी जी की गारंटी व विष्णु देव साय के सुशासन से छत्तीसगढ़ की प्रगति व खुशहाली का बजट है।इस बजट में महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है, जिससे उन्हें आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के नए अवसर मिलेंगे।छत्तीसगढ़ के विकास और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला रजत जयंती बजट है।

### सर्वांगीण विकास को गति देने वाला बजटः आभा तिवारी

**राजनांदगांव, 04 मार्च।** जिला भाजपा उपाध्यक्ष आभा तिवारी ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी विकसित भारत 2047



का बजट मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन का बजट ज्ञान की गति का बजट छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी 25वां बजट पेश की, जो इस बार थीम पर है। गति में त्न का अर्थ गुड गवर्नेंस का अर्थ एक्सलेरेटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, ञ्ज से टेक्नोलॉजी और द्ब का मतलब इंडस्ट्रियल ग्रोथ से है। इसके पहले चौधरी ने ज्ञान थीम पर बजट पेश किया था।रायपुर से दुर्ग के लिए मेट्रो रेल सर्वे के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है युवा,किसान,गरीब,कर्मचारी महिला, पत्रकार ,सुरक्षा इन सभी वर्ग के विकास की गति इस बजट में दिखाई दे रहा है चहुमुखी विकास अवश्य होगा सरकार को बधाई देती हु।

### वार्डो अपार्टमेंट, व्यवसायिक परिसरों में राजस्व वसूली शिविर लगाएं जाएंः आयुक्त

**रायपुर, 04 मार्च।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के मोवा मुख्य मार्ग एवं आनंदम सिटी के समीप विभिन्न मार्गो में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 की तैयारियों का प्रत्यक्ष अवलोकन नगर निगम अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जोन 9 कमिष्नर श्री संतोष पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, राजस्व अधिकारी श्री खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिषन श्री रधुमणी प्रधान, जोन कार्यपालन अभियंता श्री पदमाकर श्रीवास, सहायक अभियंता स्वच्छ भारत मिषन श्री योगेष कडु, जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्री विजय शर्मा एवं अन्य संबंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में लिया। आयुक्त ने सफाई कार्य एवं स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा की एवं आवष्यक निर्देष दिये। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान विधानसभा मार्ग मोवा में एक ठेले वाले को गंदगी फैलाते देखा। आयुक्त के निर्देष पर निगम स्वास्थ्य विभाग ने स्थल पर तत्काल संबंधित ठेले को कडाई के साथ जप्त करने की कार्यवाही की । आगे भी कचरा गंदगी फैलाने वालो पर व्यवस्था सुधारने जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देष दिये गये है।

## संपादकीय

# कांग्रेस का प्रदर्शन पार्टी सक्रियता के लिए भी

राजनीति में विपक्ष का काम सवाल के कामकाज पर सवाल उठाते रहना है।लेकिन सवाल गंभीर भी तो होने चाहिए. जनता पर उसका असर भी तो होना चाहिए तब विपक्ष के सवाल उठाने का कोई मतलब होता है। अक्सर कांग्रेस नेता जिन मुद्दों को जनता गंभीरता से नहीं लेती है, उन मुद्दों को लेकर आए दिन प्रदर्शन करते रहते हैं। जनता को तो उन मुद्दों से मतलब होता है जिससे उनका जीवन प्रभावित होता है। जनता को ऐसे मुद्दों से कोई मतलब नहीं होता है कि राजनीतिक दल एक दूसरे के खिलाफ क्या कह रहे हैं, क्या कर रहे हैं। उनके आरोप व प्रत्यारोप को जनता गंभीरता से नहीं लेती है। वह जानती है कि आरोप प्रत्यारोप तो रोज की बात है, दोनों साजनीतिक दल का यह तो रोज का काम है कि किसी भी मुद्दे पर एक दूसरे पर आरोप लगाना। उनके लिए आरोप का मतलब आरोप होता है यानी एक ने कोई आरोप लगाया है तो जवाब में दूसरा भी कोई आरोप लगाता है। इसके अलावा कई मामलों में राजनीतिक दल यह बताने का प्रयास करते हैं कि देखों इस मामले में हम तुमसे बेहतर हैं। हम सत्ता में है लेकिन हम पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है, हमारे किसी नेता के खिलाफ सरकारी एंजेंसी कोई जांच नहीं कर रही है, हमारे खिलाफ कोई मामला कोर्ट तक नहीं गया है। राजनीतिक दलों के लिए भ्रष्टाचार ऐसा ही मामला होता है जिसमें राजनीतिक दल एक दूसरे से खुद बेहतर या कमतर बताने का प्रयास करते हैं। अक्सर माना जाता है कि जो सत्ता में रहता है, उस दल के नेता व मंत्री भ्रष्टाचार करने से बच नहीं पाते हैं। भले ही वह अपने लिए हो, परिवार के लिए हो या पार्टी के लिए हो। कांग्रेस पांच साल सत्ता में रही। उसके कई नेता मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, राज्य व केंद्र की जांच एजेंसी कई मामलों की जांच कर रही है। कोई नेता जेल में है तो कोई नेता बेल पर है। जांच एर्जेसियों की जांच के दौरान कई तरह के सबूत मिलते हैं और नए नेता को जांच एंजेंसी पूछताछ के लिए बुलाती है, कई नए जगहों पर छापे भी मारती है, यह तो जांच एजेंसी का रोज का काम है।उसे पुराने सबूतों के आधार पर छापा मारना पड़ता है तथा छापे में नए सबूत मिलने पर किसी नए नेता को पूछताछ के लिए बुलाना भी पड़ता है। पूछताछ के दौरान सही जवाब नहीं देने पर कई घंटो तक पूछताछ जरूरी हो जाती है। यह कांग्रेस नेताओं को बुरा लगता है कि हमारे नेताओं से पूछताछ क्यों हो रही है, उनसे घंटों पूछताछ क्यों हो रही है। वह जांच एजेंसी की निष्पक्षता पर इसी आधार पर सवाल उठाते हैं कि कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन के निर्माण में शराब घोटाले का पैसा लगने की जांच की जाती है लेकिन भाजपा के बनाए कार्यालयों की जांच क्यों नही होती है कि वह किसे पैसे बना है, उसके लिए पैसा कहां से आया। कांग्रेस जनता को यह बताने का प्रयास करती है कि अगर कांग्रेस कार्यालय बनाने की जांच हो रही है तो भाजपा कार्यालय बनाने की भी जांच होनी चाहिए। जांच एजेंसी कांग्रेस कार्यालय बनाने के पैसे की जांच कर रही है लेकिन भाजपा कार्यालय बनाने के पैसे की जांच नहीं कर रही है। इससे साफ है कि यह कार्रवाई एकतरफा है. दुर्भावनावश की जा रही है,भाजपा जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है। भाजपा कांग्रेस को बदनाम करने के लिए ही ऐसा कर रही है। जहां तक सवाल है कि भाजपा के खिलाफ जांच एंजेंसी कोई जांच क्यों नहीं कर रही है तो इसका सीधा जवाब है कि भाजपा के खिलाफ जांच तो कांग्रेस भी करा सकती थी। वह तो पांच साल सत्ता में रही। वह पांच भाजपा नेताओं को आरोप जरूर लगाती रही कि फलाना भ्रष्टाचार हुआ है लेकिन एक भी मामले में कांग्रेस सरकार ने जांच कराई न ही भाजपा नेताओं के खिलाफ कोई मामला कोर्ट तक गया।न ही किसी नेता की गिरफ्तारी हुई। भाजपा तो पंद्रह साल सरकार में रही लेकिन कांग्रेस पंद्रह साल में एक भी भ्रष्टाचार का ऐसा मामला नहीं ढूंढ सकी जिसके आधार पर वह जांच करा सके और भाजपा नेताओं से पूछताछ कर सके, उनको गिरफ्तार कर जेल भेज सके। आज वह कह रही है कि भाजपा का कार्यालय कैसे बना है तो इसकी जांच होनी चाहिए वह पांच साल सत्ता में थी तो वह इस बात की जांच करा सकती थी लेकिन उसने ऐसा नहीं किया क्योंकि भाजपा कार्यालय बनााने में कोई ग़ड़बड़ी नहीं की गई है किसी भ्रष्टाचार या घोटाले का पैसा नहीं लगाया गया है। भाजपा अपने कार्यालय बनाने के लिए कांग्रेस से ज्यादा गंभीर थी क्योंकि वह जानती थी कि सभी जगह भाजपा कार्यालय होने से नेताओं व कार्यकर्ताओं को सुविधा होती है। उसने सत्ता में रहने के दौरान अपने कार्यालय पार्टी के पैसे से बनवाए हैं। कांग्रेस तो सत्ता में भाजपा से ज्यादा समय तक रही है। लेकिन उसने कांग्रेस कार्यालय बनवाने की सोची नहीं। इस बात का उदाहरण तो रायपुर का गांधी चौक का कांग्रेस कार्यालय रहा है। माना और कहा जाता है कि कांग्रेस नेताओं ने पार्टी के लिए संपत्ति बनाने की कभी नहीं सोची, उन्होंने अपने परिवार के लिए जितनी संपत्ति बनाई है, उसकी तुलना में पार्टी के लिए संपत्ति तो नहीं के बराबर बनाई है। यही वजह है कि आज कांग्रेस नेताओं को जितना पैसा है, उसकी तुलना में कांग्रेस पार्टी के पास बहुत कम पैसा है। दूसरे शब्दो में कहा जाए तो कांग्रस अमीर नेताओं की गरीब पार्टी है। वहीं भाजपा नेताओ ने अपनी पार्टी के लिए संपत्ति बनाने की पहले सोची और अपने लिए संपत्ति बनाने की बाद में सोची यही वजह है कि आज भाजपा पार्टी के रूप में कांग्रेस से अमीर है। लेकिन उसके नेता कांग्रेस नेताओं की तुलना में गरीब ही माने जा सकते हैं। यह तो लोगों को दिखता है और जो लोगों को दिखता है, वह उसे सच मानते हैं। कांग्रेस भाजपा सरकार व जांच एजेंसियों के खिलाफ कितना ही धरना प्रदर्शन करें, विधानसभा का घेराव करे। उसका कोई असर जनता पर नहीं होता है, भाजपा सरकार को एक साल से ज्यादा हो गया है। कांग्रेस हर महीने दो महीने में किसी न किसी मुद्दे पर धरना प्रदर्शन के साथ ही विधानसभा का घेराव जरूर करती है ताकि जनता को संदेश दिया जा सके कि सरकार

---

अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण

# निरस्त्रीकरण आज विश्व की आवश्यकता है

सुनील कुमार महला



हर वर्ष 5 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि यह दिवस विशेष रूप से युवाओं में निरस्त्रीकरण के मुद्दों के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। गौरतलब है कि इस दिवस की शुरूआत 'शांति और सुरक्षा' के लिए निरस्त्रीकरण और अप्रसार के महत्व को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा(यूएनजीए) द्वारा इसकी स्थापना की गई थी। यदि हम यहां इसके इतिहास की बात करें तो इस संदर्भ में 7 दिसंबर 2022 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव अपनाया और प्रति वर्ष 5 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता दिवस' के रूप में घोषित किया। गौरतलब है कि 5 मार्च 2023 को अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता दिवस का पहला आयोजन किया गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष 24 से 30 अक्टूबर तक ह्यसंयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण सप्ताहह्न मनाया जाता है।कहना चाहूंगा कि इस सप्ताह का आयोजन निरस्त्रीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाता है।इसी तरह से, परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस 26 सितंबर को मनाया जाता है।सच तो यह है कि आज पूरा विश्व बारूद के ढ़ेर पर खड़ा हुआ है। संपूर्ण विश्व में हथियारों की होड़ लगी हुई है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि आज विश्व में अमेरिका सबसे बड़ा हथियार निर्यातक देश है, जबकि रूस दूसरे स्थान पर है।फ्रांस, चीन और जर्मनी,इटली, यूनाइटेड किंगडम, स्पेन, दक्षिण कोरिया, इजरायल भी शीर्ष हथियार निर्यातक देशों में शामिल हैं।वास्तव में,वैश्विक हथियार व्यापार एक बहुत बड़ा उद्योग है, जो सदियों-सदियों से अस्तित्व में है। कहना गलत नहीं होगा कि हर साल दुनिया में अरबों डॉलर के हथियारों की खरीद-फरोख्त की जाती है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में दुनिया भर में हथियारों का व्यापार 127 बिलियन डॉलर था।आज स्थिति यह है कि दुनिया के विभिन्न हथियार निर्यातक देश हर साल हथियार बेचकर अरबों-खरबों रुपये कमाते हैं।स्वीडिश थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, वर्ष 2019-23 की अवधि के लिए भारत दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक था, जिसमें वर्ष 2014-18 की अवधि की तुलना में आयात में 4.7% की वृद्धि हुई थी। वहीं, यूक्रेन में युद्ध की पृष्ठभूमि में, रिपोर्ट में यह बात कही गई है कि वर्ष 2014-18 और वर्ष 2019-23 के बीच यूरोपीय देशों द्वारा हथियारों के आयात में 94% की वृद्धि हुई है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2019-23 में 10 सबसे बड़े हथियार आयातकों में से नौ, जिनमें भारत, सऊदी अरब और कतर के शीर्ष 3 शामिल हैं, एशिया और ओशिनिया या मध्य पूर्व में थे। वर्ष 2022-23 में 30 से अधिक देशों से प्रमुख हथियारों का हस्तांतरण प्राप्त करने के बाद यूक्रेन वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा हथियार आयातक बन गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यूरोप के राज्यों ने वर्ष 2014-18 और वर्ष 2019-23 के बीच प्रमुख हथियारों के अपने आयात को लगभग दोगुना (+94 प्रतिशत) कर दिया। वर्ष 2019-23 में एशिया, ओशिनिया और मध्य पूर्व में हथियारों की कहीं बड़ी मात्रा प्रवाहित हुई, जहां 10 सबसे बड़े हथियार आयातकों में से नौ हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने वर्ष 2014-18 और वर्ष 2019-23 के बीच अपने हथियारों के निर्यात में 17 प्रतिशत की वृद्धि की, जबकि रूस के हथियारों का निर्यात आधा हो गया। रूस पहली बार तीसरा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक था, जो फ्रांस से ठीक पीछे था। बहरहाल,कहना चाहूंगा कि आज अमरीका, रूस और चीन जैसी बड़ी ताकतों की आपसी होड़ बढ़ने के कारण हथियारों के वैश्विक कारोबार में लगातार बढ़ोतरी हुई है।हैरानी की बात तो यह है कि आज पूरे विश्व में हथियारों का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। हर साल हथियारों का कई बिलियन डॉलर का अंतरराष्ट्रीय कारोबार होता है। आंकड़े बताते हैं कि आज भारत दुनिया के हथियार बेचने वाले 25 बड़े देशों में की सूची में शामिल है।भारत 2015 से 2019 की अवधि तक दूसरा सबसे ज्यादा हथियार खरीदने वाला देश रहा। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2023-24 देश में 1.27 लाख करोड़ रुपये के हथियारों का निर्माण हुआ यानी रक्षा उत्पादन किया गया। यह उत्पादन वर्ष 2014-15 की तुलना में 2.7 गुना ज्यादा है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार 2029 तक रक्षा निर्यात को 50,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। बहरहाल, कहना गलत नहीं कि हथियारों की होड़ के कारण आज दुनिया विनाश के मुहाने पर खड़ी हुई है। यदि हम यहां रूस-यूक्रेन युद्ध की ही बात करें तो तीन साल की जंग में यूक्रेन 18 प्रतिशत तक सिकुड़ गया है। दोनों देशों (रूस-यूक्रेन) के बीच विध्वंस, तबाही और बबार्दी में हजारों लाखों लोग मारे जा चुके हैं। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार रूस-यूक्रेन युद्ध से अब तक 1-1.5 खरब डॉलर (लगभग 80-125 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है, जो कि बहुत बड़ी क्षति है। युद्ध के कारण कोई भी देश बहुत पीछे चला जाता है और उससे उबरना बहुत ही मुश्किल होता है। युद्ध के कारण आर्थिक व जान-माल को तो नुकसान पहुंचता ही है पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र भी व्यापक असर पड़ता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इजरायल में युद्ध ने 67.57 अरब डॉलर का नुकसान पहुंचाया है, जहां स्वास्थ्य और शिक्षा का बजट जंग में खर्च हुआ। वहीं, गाजा और वेस्ट बैंक में 50 अरब डॉलर का निवेश बर्बाद हुआ, बेरोजगारी दर 80% तक पहुंच गई और 61% लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि ?निरस्त्रीकरण का मतलब है-' हथियारों को कम करना, सीमित करना या खत्म करना।' वास्तव में, यह आम तौर पर किसी देश के सैन्य या किसी खास तरह के हथियारों को संदर्भित करता है। कहना गलत नहीं होगा कि निरस्त्रीकरण के जरिए, हथियारों की होड़ को रोका जा सकता है और मानवता के लिए खतरे को कम किया जा सकता है। यह निरस्त्रीकरण ही है जो किसी देश के नागरिकों के बीच पीड़ा को रोक सकती है,राज्यों से सैन्य व्यय का बोझ खत्म कर सकती है,परमाणु युद्ध की संभावना को कम कर सकती है तथा इसके जरिए ही सुरक्षा, शांति और मानवता के अस्तित्व को बढ़ाया जा सकता है। दूसरे शब्दों में कहें तो निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस सामूहिक विनाश के हथियारों से उत्पन्न मौजूदा खतरे का एक अनुस्मारक है। वास्तव में यह वैश्विक कार्रवाई के लिए एक मंच प्रदान करता है और निरस्त्रीकरण और अप्रसार प्रयासों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देता है और जागरूकता बढ़ाने और संवाद को बढ़ावा देकर, यह दिवस सभी के लिए एक सुरक्षित दुनिया बनाने में मदद करता है।यदि हम यहां इस दिवस के लक्ष्यों और उद्देश्यों की बात करें तो यह दिवस सामूहिक विनाश के हथियारों के खतरों और निरस्त्रीकरण और अप्रसार के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है।यह आम आदमी के बीच निरस्त्रीकरण और अप्रसार मुद्दों के बारे में शिक्षा को बढ़ावा देता है तथा हथियारों के खतरे को कम करने और शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है। अंत में यही कहूंगा कि निरस्त्रीकरण प्रयास शांति और सुरक्षा को बढ़ाने , विभिन्न सशस्त्र संघर्षों को रोकने और उन्हें समाप्त करने और हथियारों के कारण होने वाली मानवीय पीड़ा को कम करने में योगदान करते हैं। वास्तव में आज मानवता की रक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना,मानवता के सिद्धांतों को बनाए रखना, देश के सभी नागरिकों की सुरक्षा करना, सतत विकास को बढ़ावा देना, राज्यों के बीच विश्वास और भरोसा बढ़ाना और सशस्त्र संघर्ष को रोकना और समाप्त करना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है।

---

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। संतान के स्वास्थ्य में गिरावट आने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको किसी से किए हुए वादे को भी पूरा करना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है। आपको बिना सोचे समझे किसी योजना में धन लगाने से बचना होगा। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको आर्थिक मामलों में किसी योजना पर भरोसा नहीं करना है। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। कुछ नया करने की कोशिश आपकी रंग लाएगी। रोजगार के तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों के प्रयास बेहतर रहेंगे। आपको अपने सहयोगियों से कोई बात सोच समझकर कहनी होगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको तरक्की करते देखा आपको विरोधी परेशान रहेंगे। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। माता जी की सेहत में यदि गिरावट आ गई थी, वह भी दूर होगी। कार्यक्षेत्र में आपको किसी काम के लिए पुरस्कार मिल सकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आप अपने मित्रों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

कर्क- आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आपका भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी अच्छी सलाह सभी के खूब काम आएगी। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाना नुकसान देगा। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। आपके घर किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। संतान पढ़ाई-लिखाई में अच्छा प्रदर्शन करेगी, जिससे उन्हें पुरस्कार भी मिलेंगे। नौकरी को लेकर आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपकी कोई गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आपको किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों में अच्छी सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को लेकर आप कहीं शॉपिंग आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं। आप दिखावे के चक्कर में अत्यधिक धन खर्च करेंगे, जिसके बाद में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने कामों पर पूरा फोकस करना होगा और अपने दिल की जगह दिमाग की सुने। पारिवारिक मामलों को आप हल्के में ना लें, नहीं तो इससे रिश्तों में दूरी आ सकती हैं। सेहत को लेकर आपको लापरवाही बिल्कुल नहीं बरतनी है। आपके ऊपर काम अधिक रहेगा, जिस कारण आपको भागदौड़ भी अधिक रहेगी। आप किसी नए वाहन की खरीदारी के बारे में सोच विचार कर सकते हैं।

वृश्चिक- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपका कोई नया प्रोजेक्ट शुरू हो सकता है। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कोई लेने थोड़ा सोच समझकर करना होगा। आप किसी मकान आदि की खरीदारी की आप योजना बना सकते हैं। परिवार में आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपका कोई मित्र आपसे कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने बढ़ते खर्चों पर लगाम लगाने की आवश्यकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में कामों में बदलाव होने से आपका मन खुश रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को ध्यान रखकर निपटना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। कारोबार में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। बिजनेस में आपको कोई बड़ा टेंडर मिल सकता है। विद्याथीयी की पढ़ाई लिखाई में आ रही समस्याएं उनके सीनियर की मदद से दूर होते देख रही हैं। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं। आपके घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन होने से परिजनों का आना जाना लगा रहेगा। आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपकी आय में वृद्धि होगी और आपका मान सम्मान बढ़ाने से आपको खुशी होगी। सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे लोग थोड़ा सोच समझकर आगे बढ़ें, तो बेहतर रहने वाला है। कोई निर्णय आप जल्दबाजी में ना लें। आपको किसी से कहासुनी होने की संभावना है। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपने अनुभवों का लाभ मिलेगा और व्यवसाय में आप नवीनता ला सके, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। संतान किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकती है, जिसमें उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। परोपकार के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। जीवनसाथी को अपने करियर में अच्छी सफलता मिलेगी, उन्हें किसी सरकारी नौकरी की भी प्राप्ति हो सकती है।

---

(संदर्भ)

# गायन-लेखन और शिक्षण के सारथी

डॉ. सत्यवान सौरभ



प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। कभी कलाकारों के फन ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस जमाने में नए-नए रंग बिखेरे है। ये माना जाता है कि आत्मा की तरह कला अजर-अमर है, ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए है। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए है और पैसों के पीछे दौड़ पड़े है जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे कलाकार है जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे है। जी हाँ, उनमे से एक है हरियाणा के भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गाँव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम। किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली। छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है। पेशे से सरकारी अध्यापक मास्टर छोटूराम एक आशु कवि और हरियाणवी-हिंदी के जाने माने गायक है। देश भर में हजारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम हमारे देश के वीर-शहीदों; शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनंने का सुनहरा अवसर मिलता है। इन सबके अलावा मास्टर छोटूराम यू ट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिये भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो रूप में फ्री में शेयर करते है, ताकि प्राचीन संस्कृति को बचाया जा सके। हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होने अपनी रागनियों और नाटकों में बखूबी पिरोया है और लोगों के मनों तक पहुँचाया है। देश भर में आकाशवाणी एवं टीवी पर समय-समय पर इनके ये कार्यक्रम देखे ० सुने जा सकते है। गायक कवि कलाकार मास्टर छोटूराम अपने सिद्धांतों और कला से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करते। आज जब नग्न संस्कृति गीतों और किस्सों में हावी है। तब भी इन्होने अपने मूल्यों को बनाये रखा और हमारे ऐतिहासिक और पौराणिक किस्सों को जेब से पैसे लगाकर रिलीज करवाया है। बेशक आज के तड़क भड़क वाले अश्लील वीडियो की तुलना में उनको कम शेयर किया गया है लेकिन वास्तव में उन्होंने हमारी धरोहर को सहेजने कि दिशा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। पितृभक्त श्रवण कुमार-कुमार और फैशन की फटकार इनके पहले दो ऑडियो एल्बम है जिनको लोग आज बीस साल बाद भी सुन रहे है और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहें है। 'कड़े गए वह नाथू-सुरजा' हरियाणा की बदलती संस्कृति पर फिल्माया गया उनका सुपर हिट गीत है जिसको बहुत पसंद और शेयर किया गया है। ऐसतिहासिक 'नरसी का भात' किस्सा दर्शकों को पूरी रात भर सुनने को मजबूर कर देता है। वास्तव में अपनी प्राचीन कला को बनाये रखना बहुत बड़ी बात है। आज के दौर में युवा पीढ़ी यू ट्यूब और अन्य सोशल प्लेटफार्म पर घटिया स्तर के वीडियोस और ऑडियो को पसंद करती नजर आ रही है। ऐसे में मास्टर छोटूराम के सामाजिक गीतों के प्रयास बड़ी छाप छोड़ रहें है। मीडिया को ऐसे कलाकारों के प्रयासों को जोर-शोर से प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए।ताकि हमारे प्राचीन मूल्यों को आज की इस शोषणकारी और अश्लील संस्कृति से दूर रखा जा सके।

जब मास्टर छोटूराम जैसे कलाकर पैसों के लिए अपनी कला से समझौता नहीं करते तो हम क्यों घर बैठे कर रहें है। अश्लील गीतों को समाज से बाहर करने के लिए हमें अच्छे गीतों और अच्छे कलाकारों को उचित मान-सम्मान देना ही होगा, तभी हम कला को वास्तविक रूप देकर एक रहने योग्य समाज आने वाली पीढ़ियों को देकर जा पाएंगे। लोक कलाएँ वास्तव में किसी भी समाज की नब्ज होती है। हमें अपने बच्चों को इन कलाओं से अवश्य रूबरू करवाना चाहिए। साथ ही ये भी ध्यान रखना चाहिए कि आज के इस इंटरनेट युग में हमारे बच्चे क्या देख रहें है क्या सुन रहें है। अच्छे कलाकार और उनकी कलाएँ समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक है लेकिन उनको चुनना हमारी जिम्मेवारी है। प्रदेश एवं केंद्र सरकार को आज की बिगड़ती संस्कृति के लिए दोषी तड़क-भड़क के गानों को खासकर यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर बैन करना चाहिए। मास्टर छोटूराम जैसे कलाकारों को ढूँढकर उनके लिए-लिए एक सरकारी प्लेटफार्म एवं आर्थिक पैकेज की व्यस्था करने की जरूरत है ताकि वह हमारी संस्कृति को बचाने के लिए कर रहें प्रयासों को और आगे गति दे सके। हमारे वीर सपूतों की जीवनियों को मास्टर छोटूराम की तरह रागिनी, नाटक और किस्सों के जरिये अब बदलते दौर के डिजिटल उपकरणों के माध्यम से घर-घर तक पहुँचाने की जरूरत है ताकि आने वाली पीढ़ी हमारे वीरों के आदर्शों को अगली पीढ़ी तक सौंप सके और हम एक अच्छे अपने हिंदुस्तान को उनके हाथों में सौंप सके। जिसका सपना हमारे शहीदों ने अपनी जान देते वक़्त देखा था। इसलिए, जरूरी है कि केंद्र सरकार ऐसे जमीन से जुड़े सच्चे कलाकारों के लिए अलग से कानून बनाकर हर राज्य सरकार को अपने क्षेत्र के हिसाब से लागू करवाए, तभी हमारी संस्कृति, संस्कार और धरोहर बच पाएंगे।

---

## विदेश

# डोनाल्ड ट्रंप बनाम यूरोपीय यूनियन

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश यह महसूस कर रहा है कि अमेरिका में ट्रंप शासन आने के बाद दुनियाँ की परिस्थितियों में परिवर्तन हो रही है, ट्रंप के अमेरिकी फर्स्ट के विजन के कारण ट्रंप तेजी से ऐसी परिस्थितियों लाने को आतुर हैं, ताकि अमेरिका की आर्थिक स्थिति मजबूत हो, अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो, यूक्रेन की खनिज में हिस्सेदारी तथा रूस के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ाना, व्हाइट हाउस में ट्रंप जेलेंस्की विवाद इत्यादि इसी का ही एक हिस्सा माना जा सकता है, तो उधर 27 देश का संगठन यूरोपीय यूनियन, नाटो, तुर्की इत्यादि पूरी स्थिति को समझ रहे हैं, क्योंकि ईयू को पूरी प्रक्रिया में अलग- थलग किया जा रहा है, नतीजा यह है कि शुक्रवार 28 फरवरी 2025 को व्हाइट हाउस में जेलेंसकी व ट्रंप की गहमागहमी के बाद जैलेंसकी जब सीधे ब्रिटेन लंदन पहुंचे तो उन्हें हाथों- हाथ लिया गया, ईयू नाटो तुर्की उसके साथ खड़े दिखे जबकि दो अन्य देश विरोध कर रहे थे। लंदन में यूरोपीय यूनियन देशों का यूक्रेन जंग मुद्दे पर डिफेंस समिट हुआ, जिसमें यूक्रेन की मदद की बात कीगई व अमेरिका को युद्ध समझौता प्लान देने पर बातचीत हुई। संयोगवश उसी दौरान यूरोपीय यूनियनकी अध्यक्ष 27-28 फरवरी 2025 को भारत दौरे पर थी, जहां विदेश मंत्री व पीएम से सफल चर्चा के बाद रूस ने तंज कसा कि यूरोप भारत की शरण में जा रहा है,यानें भारत का रुतबा बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है, ऐसा मेरा मानना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप बनाम यूरोपीय यूनियन, यूरोपीय देशों में मतभेदों के बीच यूरोपीय यूनियन अध्यक्ष भारत के साथ पींगे बढ़ाने को आतुर? रूस का तंज, भारत की शरण में पूरा यूरोप? जिससे भारत की अहम भूमिका हो गई है। साथियों बात अगर हम यूरोपीय यूनियन के चर्चा में आने व यूक्रेन को समर्थन करने की करें तो जेलेंस्की के सपोर्ट में कई यूरोपीय देश यूरोप के कई नेताओं ने जेलेंस्की के लिए अपना समर्थन जताया है। नॉर्वे, नीदरलैंड, पोलैंड, यूरोपीय यूनियन, जर्मनी, ब्रिटेन जैसे यूरोपीय देशों के अलावा कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने भी जेलेंस्की के लिए समर्थन जताया।जेलेंस्की शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे थे। जहां दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। ट्रम्प-वेंस और जेलेंस्की एक-दूसरे की तरफ उंगली दिखाते नजर आए। ट्रम्प ने कई बार जेलेंस्की को फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि वो तीसरा विश्वयुद्ध कराने का जुआ खेल रहे हैं।जेलेंस्की ने कहा कि जब आप युद्ध में होते हो, तो सबके साथ परेशानियां होती हैं।भविष्य में इस युद्ध का असर अमेरिका पर भी पड़ेगा।ट्रम्प यह सुनकर झुंझला गए और उन्होंने कहा कि हमें मत बताइए कि हमें क्या महसूस करना चाहिए। यूक्रेन जंग के मुद्दे पर यूरोपीय देशों की डिफेंस समिट लंदन में हुई, इस बैठक में 15 देशों के राष्ट्र प्रमुख, तुर्की के विदेश मंत्री, नाटो के महासचिव, यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट शामिल हुए। ब्रिटिश पीएम ने गले लगाकर जेलेंस्की का स्वागत किया ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने दो बार यूक्रेनी राष्ट्रपति को गले लगाया। सबसे पहले उन्होंने जेलेंस्की के लंदन पहुंचने पर गले लगाकर उनका स्वागत किया, फिर डिफेंस समिट में जेलेंस्की के पहुंचने पर दूसरी बार गले लगाया।इससे पहले जब जेलेंस्की शनिवार को इंग्लैंड पहुंचे तो सड़कों पर लोगों ने जेलेंस्की के सपोर्ट में जोरदार नारे लगाए। स्टार्मर ने उन्हें रिसीव किया और कहा कि आपको पूरे ब्रिटेन का सपोर्ट हासिल है। हम आपके और यूक्रेन के साथ खड़े हैं, भले ही इसमें कितना भी वक्त क्यों न लग जाए। जेलेंस्की ने इस सपोर्ट के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। यूक्रेन के सपोर्ट के मुद्दे पर यूरोपियन यूनियन के अंदर भी दरार नजर आ रही है। स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको का कहना है कि वो यूक्रेन को आर्थिक और सैन्य तौर पर मदद नहीं देंगे। यूक्रेन कभी भी सैन्य ताकत के दम पर रूस को बातचीत के टेबल पर नहीं ला पाएगा। इससे पहले हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने भी जेलेंस्की के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का सपोर्ट किया है। व्हाइट हाउस में दोनों के बीच हुई बहस के बाद उन्होंने ट्रम्प को मजबूत और जेलेंस्की को कमजोर कहा था। उन्होंने ट्रम्प का धन्यवाद भी किया था। ब्रिटेन ने यूक्रेन को 24 हजार करोड़ का लोन दिया। इसके लिए शनिवार को ब्रिटिश पीएम स्टार्मर और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समझौते पर साइन किए साथियों बात अगर हम व्हाइट हाउस में ट्रंप से गहमागहमी के बाद जैलेंसकी सीधे लंदन यात्रा पर पहुंचने की करें तो पीएम स्टार्मरनें कहा हमारी कोशिश यूक्रेन को मजबूत स्थिति में लाना है। हम यूक्रेन के लिए अपना समर्थन दोगुना कर रहे हैं।स्टार्मर ने कहा कि समिट में शामिल नेताओं ने यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता जारी रखने और रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने पर सहमति जाहिर की है। किसी भी शांति वार्ता में यूक्रेन को शामिल किया जाना चाहिए।स्टार्मर का कहना है कि किसी भी समझौते में रूस को शामिल करना जरूरी होगा, लेकिन रूस ने इससे पहले कई बार समझौतों का उल्लंघन किया है, ऐसे में हमें यह तय करना होगा कि यूक्रेन को दी जाने वाली गारंटी पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए। आगे के संघर्ष से बचने के लिए गारंटी की जरूरत है। इस बैठक से पहले स्टार्मर ने कहा था कि ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन मिलकर रूस-यूक्रेन जंग को रोकने के प्लान पर काम करने के लिए राजी हुए हैं। ये प्लान अमेरिका के सामने रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि ये प्लान तभी काम करेगा जब अमेरिका अपनी सुरक्षा गारंटी पर टिका रहेगा।साथियों बात अगर हम यूक्रेन जंग मुद्दे पर हुए डिफेंस समिट में अन्य देशों की प्रतिक्रिया की करें तो, बैठक के बाद किसने क्या कहा, (1)उसुर्ला वॉन डेर लेयेनः यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष ने कहा कि हमें यूरोप को तत्काल हथियारबंद करना होगा। हमें डिफेंस निवेश बढ़ाना होगा। यह यूरोपीय यूनियन की सुरक्षा के लिए जरूरी है। हमें फिलहाल सबसे खराब हालात के लिए तैयार रहना चाहिए। इसे लेकर 6 मार्च को यूरोपीय परिषद में एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। (2) मार्क रूटेः नाटो के महासचिव ने कहा कि यूरोपीय देश सुरक्षा के लिए खर्च और यूक्रेन को सपोर्ट बढ़ाने के लिए कदम उठाएंगे। अभी तक कोई शांति समझौता नहीं हुआ है, लेकिन हमें इसके लिए तैयार रहना होगा और यह तय करना होगा कि यूरोपीय देश सुरक्षा गारंटी के साथ मदद करने के लिए तैयार हैं। (3) डोनाल्ड टस्कः पोलैंड के राष्ट्रपति ने कहा कि 'यूरोप जाग गया है' और अब यूक्रेन के लिए समर्थन और यूरोपीय यूनियन के ईस्ट बॉर्डर को मजबूत करने पर एक स्वर में बोल रहा है। (4) ओलाफ शोल्जः जर्मन चांसलर ने कहा कि आज की बैठक काफी महत्वपूर्ण थी। यह रूसी हमले से जूझ रहे यूक्रेन के लिए यूरोप का समर्थन जाहिर करने का मौका था।

साथियों बात अगर हम ट्रंप के जंग से दूर रहने की करें तो,अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ कर दिया है कि अगर कोई जंग छिड़ती है तो इससे अमेरिका दूर रहेगा।अब बड़ा सवाल उठता है कि यूक्रेन तो रूस से युद्ध लड़ नहीं पाएगा, तो फिर क्या यूरोपीय देश रूस से सीधा जंग लड़ेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने जेलेंस्की से मुलाकात से पहले यूरोप का प्रतिनिधित्व करने आए ब्रिटेन के प्राइम मिनिस्टर कीर स्टार्मर से भी मुलाकात की थी।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि पूरे यूरोप की रूस के साथ जंग छिड़ने जा रही है और उसका सेंटर पॉइंट यूक्रेन बनेगा। वहीं इससे पहले उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों से भी मुलाकात की थी। इस दौरान भी दोनों नेता सहज स्थिति में नहीं थे। अमेरिका के युद्ध से पीछे हटने के बाद जेलेंस्की जंग में अकेले पड़ गए हैं। ऐसे में यूरोपियन यूनियन के देशों को साथ आना पड़ेगा। ईयू अध्यक्ष भारत यात्रा के दौरान, भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद की दूसरी मंत्रिस्तरीय बैठक भी नई दिल्ली में आयोजित की गई थी।ईयूअध्यक्षा ने नई दिल्ली में पीएम के साथ बैठक की और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने एक संयुक्त बयान जारी किया। संयुक्त वक्तव्य की मुख्य बिन्दुः.(1)भारत और यूरोपीय संघ 2025 में पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देंगे।(2) दोनों, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु, जल,स्मार्ट और टिकाऊ शहरीकरण, कनेक्टिविटी और आपदा प्रबंधन के क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार और गहरा करने पर सहमत।(3)दोनों स्वच्छ हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा, अपतटीय पवन, टिकाऊ शहरी गतिशीलता, विमानन और रेलवे जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में सहयोग तेज करने पर सहमत। (4) दोनों भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को साकार करने के लिए कदम उठाएंगे। (5)आईएमईसी को 2023 में नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठक के दौरान प्रस्तावित किया गया था। इसका उद्देश्य संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के माध्यम से यूरोपीय संघ के देशों को भारत से जोड़ना है। (6)कॉरिडोर में दो परियोजनाएं हैं: भारत और खाड़ी देशों के बीच एक पूर्वी समुद्री लिंक और अरब प्रायद्वीप को यूरोप से जोड़ने वाला एक उत्तरी खंड।भारत-ईयू व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) की दूसरी बैठक 28 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित की गई।

## एक नजर

### फागुन मेला के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी

**दंतेवाड़ा, 03 मार्च।** कार्यालय जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 2025 में भी माई जी दंतेश्वरी मंदिर परिसर में 05 मार्च 2025 से 15 मार्च 2025 तक फागुन मेला मनाने हेतु तिथि निर्धारित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में उक्त मेला स्थल पर आगन्तुक ग्रामीण, नगर वासियों एवं सेवादारों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 34 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का रोस्टरवार ड्यूटी लगाई गई है।

### आवास मित्र, समर्पित मानव संसाधन अन्तिम पात्र-अपात्र, मेरिट सूची जारी

**दंतेवाड़ा, 03 मार्च।** कार्यालय जिला पंचायत के द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र,समर्पित मानव संसाधन की सेवाएं लिये जाने के संबंध में संदर्भित पत्र के माध्यम से प्राप्त निर्देश, मार्गदर्शिका के परिपालन में आवास मित्र,समर्पित मानव संसाधन के चयन 31 दिसंबर 2024 के माध्यम से '' आवास मित्र,समर्पित मानव संसाधन'' हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे तथा 19 जनवरी 2025 के द्वारा उक्त पदों हेतु 27 जनवरी 2025 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। निर्धारित तिथि तक अभ्यर्थियों द्वारा कोई भी दावा आपत्ति प्रस्तुत नहीं किया गया है। तद संबंध में दावा आपत्ति निराकरण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम पात्र-अपात्र, मेरिट सूची तैयार किया गया है। अधिक जानकारी के लिए जिला दंतेवाड़ा के वेब साईट- https://www.dantewada.gov.in पर देखा तथा डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य जानकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा, संबंधित जनपद पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन आय-व्यय का लेखा-जोखा पेश

**रायपुर, 04 मार्च** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के पांचवे दिन की कार्यवाही 11 बजे शुरू हुई. छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है. आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आय व्यय का लेखा जोखा पेश कर रहे हैं. सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद पहले प्रश्नकाल में विधायकों के सवाल पूछे जा रहे हैं. जिनके जवाब संबंधित विभाग के मंत्री दे रहे हैं. इसके बाद दोपहर साढ़े 12 बजे से छत्तीसगढ़ बजट 2025 वित्त मंत्री ओपी चौधरी पेश करेंगे. प्रश्नकाल में आज कृषि विकास और किसान कल्याण से जुड़े प्रश्न विधायक पूछ रहे हैं.

### भाई ने भाई का सिर फोड़ा, अपराध दर्ज

**रायपुर, 04 मार्च।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दो भाईयों के बीच उपजे विवाद में एक भाई ने दूसरे के सिर पर लोहे के रॉड से हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। जानकारी के अनुसार मोहम्मद ईशाक का गैरेज है, जिसमें भाई का भी हिस्सा है। 2 मार्च को मोहम्मद इकबाल अवन्ति विहार गैरेज पहुंचा और अपने भाई से बिना पूछे गैरेज का सामान बेचने लगा। जिसका विरोध करने पर मोहम्मद इक़बाल गाली गलौज पर उतर आया और इतना ही नहीं लोहे की पाईप से अपने भाई मोहम्मद ईशाक के सिर पर हमला किया। हमले में पीड़ित को गंभीर चोंट आई है। सिर में कई टांके लगे हुए है। बता दें कि घटना की जानकारी पीड़ित की बेटी ने पुलिस को दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी मोहम्मद इकबाल के खिलाफधारा 296 , 115 (2) और 351 (2) के तहत कार्रवाई की गई है।

### आर्थिक गड़बड़ी मामले में तत्कालीन एसडीएम अभनपुर निलंबित

**रायपुर, 04 मार्च।** रायपुर से विशाखापट्टनम प्रस्तावित इकॉनामिक कॉरिडोर सड़क निर्माण के दौरान अभनपुर के तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सक्षम प्राधिकारी भू-अर्जन को भूस्वामियों को अवैध रूप से लाभ पहुंचाकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय से जारी आदेशानुसार अभनपुर के तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी निर्भय कुमाार साहू पर यह गंभीर आरोप लगा था कि उन्होंने भू-अर्जन के दौरान निजी भूस्वामियों को आर्थिक रूप से लाभ पहुंचाया था। वर्तमान में श्री साहू आयुक्त नगर पालिक निगम जगदलपुर में पदस्थ थे, उन्हें निलंबित करते हुए मुख्यालय कार्यालय आयुक्त बसतर संभाग में अटैच कर दिया गया है।

### आज शाम शहर के कई इलाकों में नहीं होगी पेयजल आपूर्ति

**रायपुर, 04 मार्च।** नगर निगम फिल्टर प्लांट की 1400 एमएम व्यास की रॉ-वाटर पाइपलाइन में भाठागांव चौक के पास लीकेज मरम्मत कार्य के चलते 4 मार्च की शाम शहर की 32 टंकियों से पानी की सप्लाई नहीं होगी. कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि मरम्मत में लगभग 10 घंटे शटडाउन किया जाएगा. जिसके चलते 150 एमएलडी के 28 और 80 एमएलडी प्लांट के 4 ओवरहेड टैंक में शाम को सप्लाई के लिए पानी का भराव नहीं हो पाएगा. मंगलवार की शाम इन टंकियों से पानी नहीं मिलेगा. 5 मार्च की सुबह सप्लाई यथावत कर दी जाएगी. सुधार कार्य के चलते 150 एमएलडी प्लांट से भरने वाले ओवरहेड टैंक भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडीनगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, रायपुरा, कुकुरबेड़ा एवं नया 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाले ओवरहेड टैंक बैरनबाजार नया, देवेन्द्र नगर नया, संजय नगर एवं मोतीबाग ओवरहेड टैंक शामिल हैं।

## उदेला स्कूल में नहीं बना अतिरिक्त कक्ष

# कक्ष की राशि की संकुल प्रभारी एवं प्रधान अध्यापक ने की बंदरबाट

■ **स्कूलों की बदहाल स्थिति, शिक्षकों की लापरवाही से बिगड़ रह छात्रों का भविष्य**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**बचेली, 04 मार्च।** दंतेवाड़ा जिले के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। शिक्षकों की लापरवाही के चलते बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। कई स्कूलों में शिक्षक समय पर नहीं पहुंच रहे हैं, जबकि कई बार तो वे पूरी तरह अनुपस्थित पाए गए हैं। यूनिटी पत्रकार संघ दंतेवाड़ा के निरीक्षण में भी यह गंभीर स्थिति सामने आ चुकी है मलोसनार उदेला प्राथमिक शाला में भी शिक्षक अनुपस्थित पाए गए हैं। हाल ही में यूनिटी पत्रकार संघ दंतेवाड़ा ने कलेक्टर को शिकायत कर बताया है कि शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षक समय पर नहीं पहुंच रहे। हफ्ते में मात्र 1से 2 दिन ही आते हैं। कई बार अधिक विलंब से पहुंचते हैं। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यूनिटी पत्रकार संघ दंतेवाड़ा के सदस्यों ने अधिकारियों से औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की मांग की है। कमोवेश स्थिति शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों की है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बच्चों का भविष्य दांव पर लग सकता है। शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने और पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार के लिए जिला प्रशासन को ठोस रणनीति बनानी होगी। साथ ही, दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई करना और अभिभावकों के सुझावों पर ध्यान देना भी जरूरी है।

**अभिभावकों की बढ़ती शिकायतें**

अभिभावकों ने भी शिक्षकों की इस लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की है। वे लगातार शिक्षा विभाग से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिले में ऐसी स्थिति में केवल चल रही बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्र तैयारियों में पिछड़ रहे हैं। वही शिक्षा विभाग की ओर से समय-समय पर निरीक्षण किए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिलकुल अलग है। निरीक्षण में मिली कमियों के बाद भी सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### हमने बनाया है हम ही संवारेंगे ध्येय वाक्य को चरितार्थ करने वाला सर्व समावेशी बजटः कश्यप

**दंतेवाड़ा 4 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत किया। बजट को लेकर छत्तीसगढ़ के वनमंत्री केदार कश्यप ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा इस बजट को भाजपा के ध्येय वाक्य ÷हमने बनाया है हम ही संवारेंगे÷ को चरितार्थ करने वाला बजट बताया है। मंत्री केदार कश्यप ने बजट 2025 को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिस कल्पना और विचार को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था उस उद्देश्य की पूर्ति करते हुए साय सरकार विकास के पथ पर अब दौड़ने लगी है। आज का बजट बताता है कि हमने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के कालातीत काल से निकाल कर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। कांग्रेस सरकार में बस्तर विकास के मार्ग से भटक गई थी। बस्तर भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया था। ऐसे सुदूर बस्तर के लिए इस बजट में करोड़ों का प्रावधान किया गया है। इससे स्पष्ट है कि हमने ही बनाया है और हम ही संवार रहे हैं। वनमंत्री केदार कश्यप ने बजट को लेकर कहा कि बस्तर के युवाओं को रोजगार देने के दिशा में हमारी सरकार आगे बढ़ रही है।

## छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक श्रेष्ठ बजट प्रस्तुत किया गया हैः किरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 04 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश सरकार के बजट प्रस्तावों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का अभिनंदन किया और कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक श्रेष्ठ बजट प्रस्तुत किया गया है। वित्त मंत्री चौधरी द्वारा बहुस्पर्शी, बहुआयामी और सर्वव्यापी बजट पूरे छत्तीसगढ़ के विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया है। देव ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने सभी वर्गों का सभी क्षेत्रों का विकास की दृष्टि से समुचित ध्यान दिया है। देव ने कहा इस बजट में विशेषकर बस्तर, सरगुजा ,वनवासी क्षेत्र , आदिवासी अंचल , जहां पर विकास की अनेक संभावनाएँ हैं, उसे उचित स्थान दिया गया है। देव ने कहा इस बजट में विकास के कई कार्यक्रम व योजनाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं, साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए, युवाओं की दृष्टि से हो, मातृ शक्तियों का सम्मान बढ़ाने की दृष्टि से हो चाहे किसान भाइयों के लिए हो और उद्योग की दृष्टि से चाहे वह बड़े उद्योग हो लघु उद्योग हो मध्यम उद्योग हो ,इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को ध्यान में रखते हुए समूचे छत्तीसगढ़ के पाँचों संभाग में समुचित रूप से विकास के अनेक प्रावधान किए गए है , जो बजट में घोषित योजनाओं के माध्यम से परिलक्षित हुई हैं। देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप 2047 तक विकासशील भारत को विकसित देश में परिवर्तन करने की दृष्टि से जिस तरीके से उन्होंने योजनाएं बनाई है, मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में और पूरे छत्तीसगढ़ में विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ में परिवर्तित करने की दृष्टि से यह उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

पिछला बजट ज्ञान पर समर्पित था

## बजट का पत्रकार, कर्मचारी, व्यापारी-युवा वर्ग ने किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**जगदलपुर 04 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार के दूसरे बजट प्रस्ताव पर जिले के विभिन्न नागरिकों द्वारा अपनी प्रतिक्रिया दी। वरिष्ठ पत्रकार श्री एस. करीमुद्दीन ने बजट में पत्रकारों के लिए सम्मान निधि की राशि को दोगुना करने का प्रावधान का स्वागत करते हुए कहा कि यह सरकार की अच्छी पहल है। पत्रकारों के हित में बजट में पत्रकारों को एक्पोजर विजिट के लिए एक करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान किया है जिससे पत्रकारों में नॉलेज बढ़ेगा, अन्य प्रदेशों के पत्रकारों से सम्बंध बढ़ेगा और सरकार के विकास कार्यों का भी दूसरे क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार के अवसर मिलेंगे।

बकावण्ड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बारदा की सरपंच श्रीमती तिलोतमा मौर्य ने कहा कि इस बजट से प्रदेश के साथ ही जिले और ग्रामों में खुशहाली आएगी। इस बजट से कर्मचारी किसान, युवा, व्यापारी, महिला वर्ग सभी के लिए यह बजट आशा के अनुरूप पेश किया गया है। श्रीमती मौर्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसा बजट पेश किया है जिससे सभी वर्गों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। बस्तर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लामकेर के पुजारी श्री भोलाराम कश्यप ने सरकार द्वारा देवगुड़ी के जीर्णोद्धार हेतु बजट का प्रावधान करने के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया। कर्मचारी वर्ग ने भी इस बजट को विशेष रूप से सराहना किया है। शासकीय कर्मचारी अविन्द्र पानीग्राही ने कहा कि इस बजट में शासकीय कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पश्चात सुनियोजित ढंग से पेंशन व्यवस्था बनाने के लिए पहली बार पेंशन फंड बनाने का निर्णय लिया गया है जो स्वागत योग्य है। यह कर्मचारियों की वित्तीय स्थिरता को सुनियोजित करेगा और भविष्य की पेंशन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपयोगी साबित होगा। सैनिक श्री लक्ष्मीनारायण ने कहा कि बजट में 3200 अतिरिक्त बस्तर फाईटर के पदों के सृजन के प्रावधान किया गया है। जिससे बस्तर क्षेत्र के युवाओं को बस्तर फाईटर के रूप में काम करने का अवसर मिलेगा। मोबाइल व्यापारी श्री राहुल साहू ने कहा कि इस बार के बजट में बस्तर को लेकर विशेष ध्यान रखा गया है। साथ ही उन्होंने जगदलपुर एयरपोर्ट के विकास हेतु सरकार द्वारा किए गए बजट प्रावधान का स्वागत किया।

### पूवरती में किया गया सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**सुकमा, 04 मार्च।** दक्षिण बस्तर में वर्षों से नक्सलवाद का दंश झेल रहे, विकास और मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित इस क्षेत्र में द्रुत गति से बदलाव नजर आ रहे हैं। सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना अन्तर्गत केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल 150 बटालियन के द्वारा पूवरती मे सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गयाढ्ढ जिसमें स्थानीय जनता का हुजूम उमड़ पड़ा। पूवरती के आसपास स्थित निम्नलिखित पारा से लोग यहाँ उपस्थित हुए - जिनमें बंदी,पारा,डब्बापारा, तुमालपारा, दौरलापारा, नरमापारा, ओएमपारा, मिस्सीपारा एवं मॉडकमपारा शामिल है। इसके साथ ही नज़दीक के अन्य गाँव जिनमें टेकलगुडा, फुलसमपारा, जोनागुड़ा आदि गांवों से बड़ी संख्या में लोग पूवरती पहुंचेढ्ढ जहां सीआरपीएफ के छत्तीसगढ़ सेक्टर के आईजी राकेश अग्रवाल आईपीएस, डीआईजी एन के सिंह, डीआईजी आनन्द सिंह राजपुरोहित, राकेस चन्द्र शुक्ला, कमांडेंट-150 बीएन के साथ ही कई वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका खुले दिल से स्वागत किया।

## कांग्रेसी पार्षदों ने भी नगर निगम पहुंचकर नव निर्वाचित महापौर संजय पाण्डे को बधाई दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर 04 मार्च।** महापौर संजय पाण्डे ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा एक लाख 65 हजार करोड़ का बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने जो बजट पेश किया है वह गुड, गवर्नेस,अधोसंरचना टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर केंद्रित है जो कि अब तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 8500 करोड़, महतारी वंदन योजना के लिए 5500 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया यह राज्य का बजट जयंती बजट है और श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धांजलि के रूप में, सरकार इस वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। इस बजट में बिलासपुर अंबिकापुर और जगदलपुर से उड़ान सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए 40 करोड़ रुपए की व्यवहार्यता अंतराल नीति का प्रावधान है। इस बजट में पत्रकारों के एक्सपोजर विजिट के लिए प्रावधान और साथ ही पत्रकार संघ कार्यालय के नवीनीकरण के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। पत्रकार निधि की राशि दोगुनी की जाएगी इस बात का उल्लेख भी बजट में है। बस्तर और सरगुजा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे नीति लागू की जाएगी।

# सिविक एक्शन प्रोग्राम में बांटा बुनियादी जरूरत का सामान

■ **सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां का निःशुल्क वितरण किया गया एवं बेहतर उपचार के लिए जिला स्थास्थ्य केन्द्र रिफर किया गया**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 04 मार्च।** पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपुबल राकेश कुमार दन्तेवाडा एवं 195 बटा- केरिपुबल के कमाण्डेन्ट राजीव कुमार, 150 बटा0 केरिपुबल के कमाण्डेन्ट राकेश शुक्ला, किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा एवं 195 बटा- के द्वितीय कमाण्ड अधिकारी सुभाष चन्द्र एवं विक्रान्त वर्मा के निर्देशानुसार सिलगेर कैम्प बी/सी -195 बटा0 के समवाय अधिकारी बंसत कुमार सिंह (सहा0 कमा0), निरीक्षक/जीडी योगेन्द्र कुमार एवं निरी/जीडी बिनय कुमार पॉल साथ में बी0आर0ओ0 के अधिकारी डा0 संजय कुमार शर्मा, एवं उप पुलिस अधिक्षक जगरगुण्डा तोमेश वर्मा और थाना प्रभारी जगरगुण्डा शंशिकांत भारद्वाज की उपस्थिति में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें टेकलगुडा, मण्डीमरका, तिम्मापुरम, बेदरे, सिलगेर, जगरगुण्डा, एवं पुवर्ती जैसे नक्सल प्रभावित गांवो के लगभग 750 स्थानीय लोगों को बुलाकर तिरंगा झण्डा फहराया गया और सभी लोगो को खाना खिलाया गया एवं उनकी बुनियादी जरूरत की सामाग्री के साथ छात्रों को पढने हेतु स्कूल के सामान का वितरण किया गया। जैसे- आंगनबाडी हेतु टेलिविजन-32 इंच-01 नग, 20 जरूरत मंद लोगो को साईकिल, ग्रामीणों महिलाओं के लिए, कंबल, साडी, पानी की टंकी, स्टील थाली स्टील गिलास, सोलर लाईट, स्लिपर चप्पल, एवं पुरूषो के लिए लूंगी, गमछा, नौजवानों हेतु खेल का सामान जैसे क्रिकेट बैट गेंद, स्टम्प, बालीवाल नेट, फुटबाल तथा स्कूली छात्रों के लिए बैग,कापी, किताब, पेंसिल,रेजर शापनर ईत्यादि सामानों का वितरणा किया गया। इसके अलावा इस कार्यक्रम के दौरान समवाय अधिकारी बंसत कुमार सिंह (सहा0 कमा0), द्वारा आदिवासी ग्रामीणों को छ0ग0 शासन के विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे 01) नीयद् नेल्लानार योजना 02) प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने के बारे में बताया 03) आयुष्मान योजना के बारे में एवं महतारी वंदन योजना के बारे में अवगत कराया।

## समाचार संक्षेप

### स्व सहायता समूह की दीदियां चला रही है स्वच्छता अभियान



**सुकमा, 04 मार्च।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत मती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में स्वच्छता अभियान को नई गति मिल रही है। इस अभियान के तहत स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में गादीरास प्रतीक्षालय के सामने स्वच्छाग्रही स्व सहायता समूह की महिलाओं ने ग्राम की सफाई की जिम्मेदारी संभाली और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाया। इसके अलावा बोकड़ाओडार बाजार स्थल की भी सफाई की गई, जिससे स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। प्रशासन के सहयोग और स्व सहायता समूह की सक्रिय भागीदारी से जिले में स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाया जा रहा है। यह पहल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर भी प्रेरित कर रही है।

### बस्तर सांसद ने कहा नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**सुकमा, 04 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व में वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा आज विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया गया। जिले में युवा, व्यावसायी, महिलाओं सहित सभी वर्गों ने इस बजट का स्वागत किया तथा अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की है। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यकाल का दूसरा बजट आज पेश हुआ है जिसमें सुकमा क्षेत्र को बड़ा सौगात मिला है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के द्वारा प्रस्तुत बजट में दूरस्थ माओवाद प्रभावित क्षेत्र भेज्जी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एलमागुड़ा और डब्बाकोंटा में दो नवीन पुलिस थाने खोलने का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सांय सांय विकास करने वाली सरकार का विकास तीव्र गति से चल रहा है। उन्होंने विगत 1 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के 7-8 गारंटी को पूरा किया है और सुकमा जैसे अंदरूनी क्षेत्रों में नियद नेल्लानार तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है। युवा, किसान व्यापारी, उद्यमी सभी वर्गों के लिए बनाया गया यह विकास का बजट जन आकांक्षाओं और आशाओं को साकार करने वाला है।

### सांसद महेश कश्यप ने दिशा समिति की बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश



**सुकमा, 04 मार्च।** बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सभी विभागों के महत्वपूर्ण एजेण्डे पर चर्चा किया गया। बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन भी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न एजेंडे पर विभागवार जानकारी ली गई और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद कश्यप ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्वीकृत पीएम आवास योजना में हितग्राहियों को आवास पूर्ण करने पर होने वाली समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास प्लस योजना के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को सर्वे कर आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद कश्यप ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए सबको मिलकर सहभागिता से काम करना होगा। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों को गम्भीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन हर परिवार हर व्यक्ति से जुड़ी केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है।

### सुशासन की सरकार ने बजट में रखा हर वर्ग का ख्यालः जयराम दास

**दंतेवाड़ा 04 मार्च।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने सोमवार को राज्य का बजट पेश किया. बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजयुमो प्रदेश मंत्री जयराम दास ने कहा कि एक लाख 65 हजार 100 करोड़ रुपये के इस बजट में गति (GATI) पर मुख्य फोकस किया गया. GATI यानि गुड गवर्नेस, एक्सेलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ के माध्यम से यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने पहला हस्त लिखित बजट पेश कर के नई मिशाल पेश की है,बजट में सुशासन की सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखा है,व्यापारियों को बड़ी राहत दी है. टैक्स के बोझ को कम करने के लिए ई-वे बिल सीमा 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये तक किया गया है. वहीं, नए बजट में 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारी को माफ किया गया है, जिससे 40 हजार से ज्यादा व्यापारियों को राहत मिलेगी। भाजयुमो नेता ने कहा कि अचल संपत्ति लेनदेन पर स्टांप शुल्क उपकर भी हटा दिया गया है. कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़, सीएम खाद्यान सहायता योजने के लिए 4500 करोड़, पांच एचपी तक के कृषि पंपों को मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए 3500 करोड़ का आवंटन किया गया है।



### हारम ग्राम पंचायत में नवनिर्वाचित सरपंच प्रमिला सुराणा ने ली शपथ



**गीदम, 4 मार्च।** गीदम जनपद के ग्राम पंचायत हारम 1 की जनता ने एक बार फिर अपने विश्वास और समर्थन से प्रमिला मनीष सुराना को सरपंच पद की जिम्मेदारी सौंपी है। इस बार उन्होंने पिछली बार के मुकाबले बड़े अंतर से जीत हासिल की। प्रमिला सुराना ने अपने पहले कार्यकाल में किए गए प्रभावशाली विकास कार्यों के कारण ग्रामवासियों का दिल जीता और इस बार 268 मतों के विशाल अंतर से विजय प्राप्त की। पिछले चुनाव में उन्होंने केवल 1 वोट से जीत दर्ज की थी। प्रमिला सुराना ने अपने पहले कार्यकाल में सड़क निर्माण, जल आपूर्ति व्यवस्था, स्वच्छता अभियान और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार जैसे कई महत्वपूर्ण योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया था, जिनसे गांव के विकास में उल्लेखनीय बदलाव आए। ग्रामवासियों ने उनके नेतृत्व को सराहा और एकतरफा समर्थन दिया। शपथ ग्रहण समारोह में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों ने भाग लिया और प्रमिला सुराना को बधाई दी। अपने संबोधन में प्रमिला सुराना ने ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई और कहा कि वे गांव की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम करेंगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, अभिमन्यु सोनी, मनीष सुराना, रजनीश सुराना, पायल गुप्ता , राजेश गुप्ता व भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेमलड़ोडी मे टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का

# कमलेश कारम ने रिबन काट कर किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**आवापल्ली, 4 मार्च।** आज सेमलडोडी में नया खेल मैदान का शुभारंभ व बिरसा मुंडा क्रिकेट क्लब सेमलडोडी के द्वारा जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष बीजापुर माननीय कमलेश कारम जी ने सेमलडोडी में नवनिर्माण खेल मैदान व बिरसा मुंडा क्रिकेट क्लब सेमलडोडी के द्वारा जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का विधि विधान के साथ धरती माता की पूजा अर्चना कर रिबन काटकर शुभारंभ किया गया।

इस मैच में प्रथम पुरस्कार विजेता टीम को 500001एवं ट्रॉफी द्वितीय पुरस्कार 250001एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि कमलेश कारम जी ने आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सेमलडोडी खेल मैदान को बनाने में कई दिक्कतो का सामना करना पड़ा आप सभी के संघर्षों के वजह से आज यहां खेल का मैदान बन गया है आने वाला पीढ़ी आप लोगों के संघर्ष को याद रखेगा और सभी बच्चों को अपना प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा और कहा सर्वप्रथम खेल मैदान का उद्घाटन करने के बाद बिरसा मुंडा क्रिकेट क्लब सेमलडोडी के द्वारा जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता कार्यक्रम करने पर आप सभी को बहुत बहुत बधाई और आए हुए, सभी खिलाड़ियों को खेल भावनाओं का परिचय देते हुए बेहतर प्रदर्शन कर अपना लक्ष्य प्राप्त कर जीत हासिल करें आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं कहा इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गौरैया मड़कम, मरैया कडती, वरिष्ठ कांग्रेसी शंकर सोढी, नव निर्वाचित सरपंच सुरेश सोढ़ी, लक्ष्मी कट्टम, मधु मोडियम (पुजारी) लखल कड़ती (बोले परमा) राममूर्ती सोढी, दुलैया ताती, रमेश ताती, रवि सोढी, किस्ट कट्टम वा अन्य जनप्रतिनिधि नेता गण उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

### हमने बनाया है हम ही संवारेंगे ध्येय वाक्य को चरितार्थ करने वाला समावेशी बजट : गागड़ा



■ विष्णु के सुशासन से बढ़ रहा बस्तर और संवर रहा है छत्तीसगढ़ : महेश

**बीजापुर, 4 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत किया। बजट को लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा इस बजट को भाजपा के ध्येय वाक्य ÷हमने बनाया है हम ही संवारेंगे÷ को चरितार्थ करने वाला बजट बताया है।

पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने बजट 2025 को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिस कल्पना और विचार को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था उस उद्देश्य की पूर्ति करते हुए साय सरकार विकास के पथ पर अब दौड़ने लगी है। आज का बजट बताता है कि हमने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के कालातीत काल से निकाल कर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। कांग्रेस सरकार में बस्तर विकास के मार्ग से भटक गई थी। बस्तर भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया था। ऐसे सुदूर बस्तर के लिए इस बजट में करोड़ों का प्रावधान किया गया है। इससे स्पष्ट है कि हमने ही बनाया है और हम ही संवार रहे हैं।

**शिक्षा स्वास्थ्य स्वालंबन के क्षेत्र में बढ़ेगा बस्तर.:** पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा ने बजट को लेकर कहा कि बस्तर के युवाओं को रोजगार देने के दिशा में हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में बस्तर फाइटर्स का कार्य सराहनीय रहा है। और इस बात को ध्यान में रख विष्णुदेव साय सरकार ने 3200 अतिरिक्त फाइटर्स के पदों का सृजन का प्रावधान इस बजट में किया है। जिससे बस्तर के युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।

कांग्रेस के पिछले पांच वर्षों में प्रदेश में एक भी नर्सिंग कॉलेज नही बना, हमारी भाजपा सरकार ने इस बजट में बीजापुर जिला में नर्सिंग कॉलेज बनाने का प्रावधान किया है। इस तरह प्रदेश में कुल 12 नए नर्सिंग कॉलेज बनने जा रहा है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए शैक्षणिक प्रावधानों हेतु रामकृष्ण मिशन आश्रम, अबूझमाड़ के लिए दस करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए 17 मार्च तक आवेदन

**रायगढ़, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण जिला-रायगढ़ के सेक्टर लोईंग अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र लोईंग क्रमांक (1) में रिक्त सहायिका के 1 पद की पूर्ति हेतु 17 मार्च 2025 तक आवेदन पत्र मंगाए गए है। आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तो का परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### कक्षा 10वीं हिन्दी विषय की परीक्षा 12,490 ने दी, 501 अनुपस्थित रहे

**रायगढ़, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2025 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 3 मार्च को हिन्दी (प्रथम भाषा)विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 12 हजार 490 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 11 हजार 989 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 501 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### निश्चय निरामय अभियानः धरमजयगढ़ में टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित



**रायगढ़, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ए.के.जगत के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत वर्ष 2025 तक भारत को क्षय रोग (टीबी) से मुक्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निश्चय निरामय 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत विकासखंड धरमजयगढ़ में एसईसीएल रायगढ़ द्वारा टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए, जिससे उन्हें उचित पोषण मिल सके और वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें। एसईसीएल रायगढ़ के सीएसआर ऑफिसर डॉ.गजानन ने धरमजयगढ़ ब्लॉक के मरीजों को गोद लेकर यह खाद्य सामग्री वितरित की। कार्यक्रम के दौरान सभी टीबी मरीजों को नियमित दवा के साथ-साथ अतिरिक्त पोषण लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो और वे जल्दी स्वस्थ हो सकें। इस दौरान जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ.जय कुमारी चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, सिविल अस्पताल के डॉ.बी.एल.भगत, जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री सुरेश कुमार गुप्ता, श्री फिरतू सिंह सिदार, श्री चंद्र विजय सिंह राठिया, श्री चंद्रमणि भास्कर लैब टेक्नीशियन सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहे।

## थाना तर्रेम क्षेत्रांतर्गत ग्राम छुटवाई में केरिपु 153 बटालियन का सिविक एक्शन कार्यक्रम

# ग्रामीणों को साइकिल, कृषि उपकरण, कम्बल, साड़ी, धोती वितरित किया





■ बच्चों को दी गई शैक्षणिक सामग्री एवं युवाओं को खेल सामग्री का वितरण किया गया

■ ग्रामीणों ने क्षेत्र में सुरक्षा कैम्पों की स्थापना से सड़क मार्ग के विस्तार एवं परिवहन सेवाओं के लिये सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 4 मार्च।** 28 फरवरी को बीजापुर जिले के तर्रेम थाना अन्तर्गत केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल 153 बटालियन के छुटवाई कैंप मे सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनता ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। छुटवाई के आसपास स्थित टेकलगुड़ेम, नरसापुर, कोत्तागुड़ा, चिन्नगेलूर, गुंडम, पेद्दागेलूर आदि गांवों से बड़ी संख्या में लोग छुटवाई कैंप पहुंचे, जहां सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ सेक्टर के आईजी राकेश अग्रवाल, डीआईजी एन के सिंह, उप महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स रेंज बीजापुर डी एस नेगी, एसपी बीजापुर डॉ. जितेंद्र यादव, कमांडेंट 153 वाहिनी केरिपु अमित कुमार के साथ कई वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका खुले दिल से स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान जनता से बात करते हुए आईजी केरिपु छत्तीसगढ़ सेक्टर राकेश अग्रवाल ने कहा की केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल इस क्षेत्र में शांति की बहाली और नक्सलवाद के खात्मे के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजें तथा किसी भी समस्या के लिए नजदीकी कैंप में संपर्क करें। उनकी सभी समस्याओं का निदान कैम्प के माध्यम से किया जाएगा।

सिविक एक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत जहां ग्रामीणों को रोजमर्रा की चीजें जैसे साइकिल, कम्बल, साड़ी, धोती, कृषि उपकरण आदि प्रदान की गईं, वहीं स्थानीय गांवों से आए हुए युवाओं को खेल सामग्री का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए छोटे बच्चों को स्कूल ड्रेस, बैग, कापी, किताब, स्टेशनरी आदि प्रदान किए गए। कार्यक्रम में आई ग्रामीण महिला लक्ष्मी मांडवी जिसने स्थानीय फूलों का गुलदस्ता देकर आईजी राकेश अग्रवाल का स्वागत किया और सीआरपीएफ कैंप लगने से हो रहे विकास और बदलाव को पुलिस महानिरीक्षक के समक्ष रेखांकित किया। उसने ग्रामीणों की ओर से सड़क निर्माण व बस चलाये जाने के लिए महानिरीक्षक महोदय के समक्ष सुरक्षा बलों व प्रशासन का आभार व्यक्त किया। वहीं स्थानीय मुखिया लोगों ने बस्तर की विशेष टोपी पहनाकर अधिकारियों का स्वागत किया।

छुटवाई निवासी दिव्यांग माड़वी नंदा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। ज्ञात हो कि पिछले साल माओवादियों के द्वारा लगाई गई आईइडी विस्फोट में नंदा का एक पैर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज सीआरपीएफऔर स्थानीय पुलिस ने करवाया और आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराए जिससे अब वह चलने फिरने में समर्थ है।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों के लिए भोज की भी व्यवस्था की गईद्य कार्यक्रम के अंत में कमांडेंट 153 बटालियन अमित कुमार ने पधारे हुए सभी ग्रामीणों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया और जन सरोकारों के प्रति 153 बटालियन के दृढ़ संकल्प को पुनः दोहराया।

### बजटः महिला, युवा, किसान, व्यापारी सहित पत्रकारों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



**बीजापुर 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी वर्गो के सर्वागीण हित से जुड़े वर्ष 2025-26 का वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में 1 लाख 65 हजार करोड़ का बजट पेश किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखकर यह बजट समावेशी विकास की ओर छत्तीसगढ़ सरकार का एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जिले के युवा व्यापारी एवं व्यापारी संघ के प्रतिनिधि ईश्वर सोनी ने इस बजट को व्यापार व्यवसाय के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि बताते हुए बस्तर अंचल सहित बीजापुर जिले एवं समस्त छत्तीसगढ़ के विकास में एक बड़ा कदम बताते हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया। बीजापुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष के. संतोष ने बजट को पत्रकारों के हित से जुड़ा बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पत्रकारों को सशक्त और मजबूत बनाने की दिशा मे अहम फैसला लेते हुए उनके पेंशन को दुगुना कर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सशक्त बनाया है वहीं पत्रकार सम्मान निधि को दुगुना करने से पत्रकारों में हर्ष व्याप्त है पत्रकार साथियों के लिए प्रावधानित एक्सपोजर विजिट का सराहना करते हुए कहा कि एक्सपोजर विजिट नई चीजे सीखने के लिए भी कारगार साबित होगा। पत्रकारों के हितों का ध्यान रखने के लिए यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी को प्रेस क्लब बीजापुर की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बड़े वारदातों में शामिल खूंखार नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 4 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गंगालूर एरिया कमेटी के खतरनाक नक्सली डीव्हीसीएम दिनेश मोडियम ने अपनी पत्नी और बच्चे के साथ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। दिनेश पर 8 लाख का इनाम घोषित था और वह 100 से अधिक हत्याओं को अंजाम दे चुका था।

**बड़े नक्सली हमलों में था शामिलः** दिनेश मोडियम लंबे समय से पुलिस के निशाने पर था। वह कई बड़े नक्सली हमलों में शामिल रहा, जिसमें सुरक्षा बलों और निर्दोष ग्रामीणों की हत्याएं शामिल हैं। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थीं।

**पुलिस के बढ़ते दबाव के बीच किया सरेंडरः** सूत्रों के मुताबिक, पुलिस और सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे लगातार ऑपरेशनों और बढ़ते दबाव के चलते दिनेश ने आत्मसमर्पण करने का फैसला लिया। बीजापुर पुलिस और प्रशासन नक्सलियों को सरेंडर कर मुख्यधारा में लाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं, जिसका असर अब दिखने लगा है।

**गृह मंत्री ने 2026 तक नक्सल उन्मूलन का किया वादा :** बता दें कि भारत सरकार 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि नक्सलवाद का सफाया सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। पुलिस और सुरक्षा बल लगातार मुठभेड़ों में नक्सलियों को ढेर कर रहे हैं और आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

### चिरायु योजना संध्या मोलचेटला के लिए वरदान साबित हुई, घर में लौटी खुशियां

**बीजापुर 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन की चिरायु योजना एक बार फिर मासूम के जीवन में नई रोशनी लेकर आई।



जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 11 वर्षीय संध्या को चिरायु योजना के तहत समय पर उपचार मिलाए जिससे उसकी जान बच गई। अब वह पूरी तरह स्वस्थ है और उसके परिवार में खुशियां लौट आई हैं। बीजापुर जिले के विकासखंड भोपालपटनम अंतर्गत ग्राम गेरागुडा निवासी संध्या के जन्म के बाद से ही दिल में छेद था। इस समस्या का पता तब चला जब राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ;चिरायुद्ध की टीम नियमित जांच के दौरान स्कूल में पहुंची। टीम ने तुरंत संध्या के स्वास्थ्य की गंभीरता को समझते हुए उसे जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया। वहां जांच के उपरांत ऑपरेशन हेतु चिरायु टीम को सत्य साई अस्पताल, रायपुर ले जाने की सलाह दी। 06 फरवरी 2025 को सत्य साई अस्पताल रायपुर में संध्या को भर्ती किया गया, जहां 07 फरवरी को उसकी हृदय की सफल लेजर सर्जरी हुई। गहन चिकित्सा देखभाल के बाद 09 फरवरी को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और 10 फरवरी को चिरायु वाहन से सुरक्षित घर पहुंचाया गया। 22 फरवरी को चिरायु टीम के डॉ गरिमा वट्टी एवं टीम मेम्बर के द्वारा संध्या के घर जाकर उसकी स्थिति का पुनः मूल्यांकन किया, जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ है। संध्या के पिता विनय मोलचेटला एवं उनके परिवार ने चिरायु टीम, सत्य साई अस्पताल के डॉक्टरों और शासन को तहेदिल से धन्यवाद दिया। इस नेक कार्य में विकासखंड भोपालपटनम क्क्स्ल्ह डॉ. चलापति राव, ष्टस्ढ्ढह्व डॉ. बी आर पुजारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजीव रंजन मिश्रा, चिरायु टीम के डॉ. पी चंद्रशेखर एवं डॉ. ज्योति मचारला सहित पूरी चिरायु टीम का विशेष योगदान रहा। उनके समर्पण से संध्या को नया जीवन मिला और उसके परिवार का भविष्य फिर से उज्ज्वल हो गया।

### जिले के चार में से तीन जपं पर भाजपा का कब्जा



**बीजापुर 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के चार जनपद पंचायतो के परिणाम आ चुके है परिणाम. के अनुसार भोपाल पटनम भैरमगढ़ और उसूर के तीनो जनपदो मे भाजपा ने कब्जा कर लिया है वही केवल बीजापुर जनपद पंचायत मे कांग्रेस ने जीत दर्ज की है परिणाम के अनुसार भोपाल पटनम मे सरिता कुडेम भैरमगढ़ से दसरी कोरसा और उसूर से पूर्डिमा तेलम भाजपा समर्थित अध्यक्ष बनी है जबकि बीजापुर जनपद पंचायत मे कांग्रेस का कब्जा हुआ है।



जनपद पंचायत बीजापुर में कांग्रेस के सोनू पोटाम अध्यक्ष बने। अब बीजापुर जनपद पंचायत में कांग्रेस का कब्जा जमाया



उसूर जनपद में भाजपा का कब्जा हुआ है। भाजपा की पूर्णिमा तेलम अध्यक्ष बनी है। भाजपा समर्थित पूर्णिमा को मिला 6 सदस्यों का समर्थन है। कांग्रेस समर्थित अनिता तेलम को मिला 4 सदस्यों का समर्थन मिला।

## मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री चौधरी ने पेश किया ऐतिहासिक बजट

# बजट में रायगढ़ को मिली कई सौगातें, सभी वर्गों ने की सराहना

■ शासकीय नर्सिंग कालेज, फिजियोथैरेपी कालेज, नैचुरोपैथी हब, साईंस पार्क, रायगढ़ से लोईंग-महापल्ली फोरलेन के कार्य प्रमुख रूप से शामिल

■ डीए में वृद्धि के लिए शासकीय कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने विधानसभा में बजट पेश किया। जिसमें किसान, व्यापारी, युवा, महिला सहित सभी वर्गो के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है, जिसका लोगों ने सराहना की। इस बजट में रायगढ़ जिले के लिए भी काफी सौगातें शामिल है। जिसमें नैचुरोपैथी हब, साईंस पार्क, शासकीय नर्सिंग कालेज, फिजियोथैरेपी कालेज, रायगढ़ से लोईंग-महापल्ली फोरलेन के कार्य प्रमुख रूप से शामिल है।

बजट पर किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ के विद्यार्थी सुश्री विजिया प्रधान ने कहा कि सभी वर्ग को ध्यान में रखने के साथ ही बजट में शिक्षा के क्षेत्र पर काफी ध्यान रखा गया। जिले में शासकीय नर्सिंग कॉलेज के खुलने से सीटों में बढ़ोत्तरी के साथ जिले के विद्यार्थी आसानी से नर्सिंग की शिक्षा प्राप्त कर पायेंगे। सूरत लाल गुप्ता ने कहा कि वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी द्वारा पेश बजट काफी अच्छा रहा। इसमें नगरीय निकायों में नालंदा परिसर खोले जायेंगे। जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों में सहायता मिलेगी। महिला आईटीआई में अध्ययनरत पिंकी साहू ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के प्रगति का बजट पेश हुआ है। जिसमें आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक कालेज के उन्नयन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इससे तकनीकी शिक्षा में कौशल विकास के साथ-साथ



सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ट्रेनिंग ऑफिसर, आईटीआई रायगढ़ के दिलीप कुमार तिवारी ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट शिक्षा के क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण रहा। जिसमें आईटीआई के उन्नयन की बात कही गयी है। जिससे आईटीआई में इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही नये ट्रेड के साथ स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलेगा, जिससे विद्यार्थियों को रोजगार मिलने में आसानी होगी। महापल्ली निवासी व्यापारी विकास अग्रवाल ने कहा कि सभी वर्गो के लिए अच्छा बजट रहा। व्यापारियों के लिए ई-वे बिल जनरेट करने की सीमा में बढ़ोतरी की गई है। जिससे छोटे व्यापारियों को लाभ मिलेगा। वहीं रायगढ़ से लोईंग-महापल्ली फोरलेन बनने से यातायात के साथ ही व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

### डीए में वृद्धि की घोषणा से शासकीय कर्मचारियों में हर्ष का माहौल

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने विधानसभा में शासकीय कर्मचारियों के डीए में वृद्धि की घोषणा की है। जिससे सभी शासकीय कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। राजस्व विभाग में पदस्थ चैतराम ने कर्मचारियों के हित में डीए में वृद्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी का आभार जताया है।

### पत्रकार सम्मान निधि में बढ़ोत्तरी पत्रकारों के हित में अहम निर्णय

वरिष्ठ पत्रकार शेष चरण गुप्ता ने कहा कि पत्रकारों के लिए एक्सपोजर विजिट के लिये 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी तरह पत्रकार सम्मान निधि की राशि को दोगुना करते हुए 10 हजार रूपये से बढ़ाकर 20 हजार रूपये किया गया है। जो कि पत्रकारों के हित में अहम निर्णय है।

# हरदी में नवनिर्वाचित सरपंच, पंचों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

## सबको एक नई उम्मीद, विकास की ओर तेजी से अग्रसर होना है :रूपनाथ बंजारे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 4 मार्च।** ग्राम पंचायत हरदी में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित नवनिर्वाचित सरपंच मति गोमती ध्रुव एवं समस्त पंचगणों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया।श्रीमति गोमती ध्रुव सरपंच और समस्त पंचगणों को ग्राम पंचायत सचिव ने शपथ दिलाई और पंचायत में एकता की परिचय देते हुए। भाई चारा की भावना से संबोधित किया गया। वार्ड क्रमांक 1पूर्णिमा साहू, वार्ड क्रमांक 2 माहेश्वरी कंवर, वार्ड क्रमांक 3 दुलारी कंवर, वार्ड क्रमांक 4 रूपनाथ बंजारे, वार्ड क्रमांक 5 लताबाई दीवान, वार्ड क्रमांक 6 सावित्री कंवर, वार्ड क्रमांक 7 नारायण कंवर, वार्ड क्रमांक 8 शैल बाई कंवर, वार्ड क्रमांक 9 शत्रुघन कंवर, वार्ड क्रमांक 10 कुशली बाई, वार्ड क्रमांक 11जयराम, वार्ड क्रमांक 12 रमन जगत, वार्ड क्रमांक



13 बिसाहिन साहू, एवं वार्ड क्रमांक 14 नूतन साहू पंच रुपनाथ बंजारे ने कहा चुनाव में अपने अपने चहेते प्रत्याशी उम्मीदवार को मैदान में देख कर चुनाव प्रचार किए अब चुनाव का परिणाम आ गया है अब सबको एक नए उम्मीद, किरण नए विकास की गाथा के साथ विकास की ओर अग्रसर होना है और ग्राम पंचायत हरदी का नाम रोशन करके विकास के नाम पर पुरस्कार प्राप्त करना है यह सभी को एक लक्ष्य बना कर चलना होगा तभी यह साकार होगा। शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित पूर्व सरपंच संतु राम ध्रुव, खेदू राम पूर्व उपसरपंच, चमन लाल यादव आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष गरियाबंद, लोकेश्वर यादव, तारकेश्वर साहू, मंथीर ध्रुव, सेवन लाल ध्रुव, बलदेव साहू, भूपेंद्र कंवर, टिकेश्वर कंवर, डिगेश्वर साहू ठेकादार, जीवन सोरी, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# गिरौदपुरी मेले की सुरक्षा 1000 पुलिस जवान करेंगे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- 27 राजपत्रित अधिकारियों सहित, 30 निरीक्षक, 64 उनि, सउनि, 116 प्रधान आरक्षक, 763 आरक्षक व महिला आरक्षक सुरक्षा में तैनात
- संपूर्ण गिरौदपुरी मेला सुगम एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए मेला परिसर एवं समस्त आवश्यक स्थानों में कराई गई है मजबूत बेरीकेडिंग
- संपूर्ण मेला में आपसी समन्वय, परस्पर सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं आमजनों के सहयोग के लिए 7 पुलिस सहायता केन्द्र स्थापित

**बलौदाबाजार, 4 मार्च।** इस वर्ष 4 से 6 मार्च तक गिरौदपुरी मेला आयोजित किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में गिरौदपुरी मेला के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंध किया गया है, इस वर्ष गिरौदपुरी मेला में सुगम व्यवस्था के लिए मेल परिसर एवं समस्त आवश्यक स्थानों में बेरिकेडिंग की मजबूत व्यवस्था की गई है। जिसके तहत संपूर्ण परिसर को 05 सेक्टर में विभाजित किया गया है। सेक्टर-01 में मुख्य मंदिर, मुख्य मंच, गुरु निवास, मेला चौकी एवं जैतखाम परिसर की महत्वपूर्ण व्यवस्था रखी गई है। गिरौदपुरी मेले का सबसे महत्वपूर्ण भाग यही है, जिसमें दर्शन करने के लिए लोगों की सबसे ज्यादा भीड़ इन्हीं स्थलों में आती है। इसी प्रकार सेक्टर-02 में गिरौदपुरी के आउटर पॉइंट जैसे जन्मस्थली, नवीन रेस्ट हाउस, अमरगुफा का सुरक्षा कार्य संपादित किया जाएगा।

इसी प्रकार सेक्टर-03 में संपूर्ण छाता पहाड़, पंचकुंडी, जोंक नदी एनिकट की व्यवस्था को रखा गया है। इसके साथ ही इसी जोन में संपूर्ण मेला परिसर यातायात, मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था को भी रखा गया है। गिरौदपुरी मेला में यातायात एवं मार्ग व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण व्यवस्था में से एक है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं, आमजनों को किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न ना हो, इसके लिए मेला में 30 से अधिक पार्किंग पॉइंट चिन्हांकित किए गए हैं, जहां श्रद्धालुगण अपने वाहन पार्क कर सकते हैं। इसी प्रकार पार्किंग स्थलों की जानकारी देने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों में यातायात पुलिस बल की तैनाती भी की गई है जिनके माध्यम से लोगों को पार्किंग स्थलों की जानकारी लगातार प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही यातायात की 03 पेट्रोलिंग वाहनों द्वारा लगातार मेला परिसर में पेट्रोलिंग कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। मेरा परिसर व्यवस्था को सुचारू एवं सुगम बनाए रखने के लिए पैदल, बाईक पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है, जो की संपूर्ण मेला परिसर में लगातार पेट्रोलिंग करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, जिसे सेक्टर-04 में रखा गया है। जिसके तहत 04 की संख्या में बाइक पेट्रोलिंग एवं 04 पैदल पेट्रोलिंग टीम का निर्माण किया गया है।

## एक नजर

### 31 तक आवेदन आमंत्रित

**बालोद, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जिले के गुरूर, डौण्डी एवं दल्लीराजहरा में परिवहन सुविधा केन्द्र के संचालन हेतु 31 मार्च तक आवेदन आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि परिवहन केन्द्र के संचालन हेतु व्यक्ति, संगठन, संघ, पंजीकृत स्व-सहायता समूह, सहकारी समिति या कोई भी विधिक इकाई पात्र होंगें। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला परिवहन कार्यालय बालोद में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

### शपथ ग्रहण की तिथि में संशोधन

**बालोद, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के उपाध्यक्ष का निर्वाचन नियम 1998 (यथा संशोधित 2025) सहपठित छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 55 के तहत् उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन के प्रयोजन के लिए निर्वाचित पार्षदों का प्रथम सम्मिलन बुलाया जाना है तथा धारा 65 (क) क तहत निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण किया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि पूर्व तिथि में संशोधन करते हुए अब 08 मार्च को निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण एवं 10 मार्च 2025 को प्रथम सम्मिलन आहुत की गई है। जिसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालोद के लिए एसडीएम सुरेश कुमार साहू को शपथ ग्रहण हेतु प्राधिकारी एवं प्रथम सम्मिलन के लिए पीठासीन प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के लिए अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा को शपथ ग्रहण हेतु प्राधिकारी एवं प्रथम सम्मिलन के लिए पीठासीन प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। उ

### बेरोजगार युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 5 मार्च को

**बलौदाबाजार, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में 5 मार्च 2025, दिन बुधवार को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन सुबह 11 से 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा। प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक सोनाटा फायनेंस प्रा.लि. बलौदाबाजार द्वारा बिजनेस रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव के 30 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, उम्र 18 ये 28 वर्ष, वेतन 14 हजाय रूपये देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा, हर्ष एग्रो बलौदाबाजार द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव के 12 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, टेक्टर मेकेनिक के 02 पद, शैक्षणिक योग्यता मेकेनिक, उम्र 18 ये 35 वर्ष वेतन 9 हजार रूपये देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, कसडोल होगा, अरोहन फायनेंस सर्विसेस रायपुर द्वारा कस्टमर सर्विसेस के 20 पद, सीनियर एग्जीक्यूटिव के 20 पद, रिसीवेबल एग्जीक्यूटिव के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 21 से 33 वर्ष, अनुभव 0-3 वर्ष पदानुसार, वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा, ख्याति शील्ड वेंचर प्रा.लि. रायपुर द्वारा हेल्फर के 50 पद, शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण, उम्र 18-55, वेतन 17 हजार तक देय होगा, कार्यक्षेत्र तिल्दा रायपुर होगा।

## क्षेत्र के शातिर चोर को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

# चार आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 4 मार्च।** शहर पुलिस ने शातिर चोर गिरोह को पकडने मे सफ्लता हासिल की घटना को अंजाम देने वाला क्षेत्र का शातिर चोर निगरानी बदमाश अजय राठौर को गोवा से विशेष टीम द्वारा गिरफ्तार किया चुराई हुई संपत्ति की खपत करने वाले 03 आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में आरोपीयों से सोने-चांदी के जेवर, 03 नग मोटर सायकल एवं नगदी 53, 000 सहित कुल 9, 08, 940 का चोरी का सामान बरामद करने में मिली सफ्लता पुलिस द्वारा मामले में 04 आरोपियों गिरफ्तार किया गया

शहर टी.आई.परिवेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया पिछले कुछ समय से भाटापारा शहर के अलग-अगल क्षेत्रों में मकानों में चोरी होने के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त हो रही थी। जिन पर थाना भाटापारा शहर में चोरी/नकबजनी का अपराध दर्ज कर पतासाजी हेतु भाटापारा शहर थाना एवं सायबर सेल से विशेष टीम गठित किया गया था। मामलो में दौरान विवेचना के ज्ञात हुआ की मामले का संदेही गोवा क्षेत्र में उपस्थित है। जिस पर विशेष टीम को कार्यवाही हेतु गोवा रवाना किया था। जहां उक्त टीम के द्वारा एक संदेही की पहचान कर पकड़ा गया, जिसे पुछताछ करने पर उसने अपना नाम अजय राठौर निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा बताया जिससे पुछताछ करने पर उसने पिछले दो माह में भाटापारा के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया हैं। आरोपी से विस्तृत पुछताछ करने पर माह जनवरी एवं फरवरी में भाटापारा शहर अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, संजय वार्ड, परशुराम वार्ड, लखन कालोनी, हथनीपारा, कल्याण सागर, कृष्णानगर, सिंधी मोहल्ला, संजय वार्ड के सुने मकान में ताला तोड कर चोरी करना एवं नेहरू वार्ड, सिंधी मोहल्ला सर्कस मैदान से स्कूटी और हेमु कल्याणी वार्ड से मोटर सायकल की चोरी करना स्वीकार किया गया। पुछताछ पर आरोपी अजय राठौर ने बताया की उसके द्वारा चोरी किये हुए समान को अपने एक अन्य फरार सांथी के माध्यम से खपाने के उद्देश्य से रायपुर में सामानो की बिक्री करता था।

आरोपी ने यह भी बताया की उसके द्वारा संजय वार्ड से चोरी किये हुए सामान 03 नग सोने का हार, कान का टाप, एक जोडी चांदी का पायल, को अपने परिचित अनिकेत रगडे निवासी आमानाका रायपुर को विक्रय करने के उद्देश्य से दिया था, जिसमें से अनिकेत रगडे ने एक नग मंगलसूत्र को राजनांदगांव निवासी मोहित स्वामी को दिया, जिसने चोरी किये हुए मंगलसूत्र को प्रकाश जैन निवासी इंदिरा नगर राजनांदगांव को विक्रय किया था। मामले में चोरी का समान की बिक्री में सहयोग करने वाले आरोपी अनिकेत रगडे के कब्जे से 02 नग सोने का हार, एक जोडी चांदी का पायल, एक नग झुमका, एक नग टाप, एवं नगदी रकम 50, 000 कुल किमती 5, 05, 940 बरामद किया गया हैं।

चोरी का सामान बिक्री करने वाले आरोपी मोहित स्वामी के कब्जे से चुराई हुई संपत्ति बेच कर प्राप्त राशि 2000 का सामान एवं आरोपी प्रकाश जैन के कब्जे से एक नग मंगलसूत्र किमती 1, 90, 000 को बरामद कर जप्त किया गया हैं। मामले में आरोपी अजय राठौर से चोरी से नगदी रकम 11000 एवं 03 नग मोटर सायकल क्र. छ्र22 -7350, क्रमांक छ्र्22॑छ्र 4495, एवं सोल्ड स्कूटी जो आरोपी द्वारा चोरी कर घटना अंजाम देने के पश्चात लावारिस हालत में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छोडा गया था, कुल किमती 1, 50, 000 बरामद कर जप्त किया गया हैं।

इस प्रकार मामले में चारो आरोपियो के कब्जे से कुल 9, 08, 940 रू की बरामदगी करने में सफ्लता मिली हैं। मामले में आरोपी ने चोरी से प्राप्त मशरूका को खपत करने हेतु अपने अन्य आरोपियों के बारे में भी बताया हैं, जिसकी पता तलाश की जा रही है। मामले में आरोपी अजय राठौर, अनिकेत रगडे, मोहित स्वामी, प्रकाश जैन, को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया हैं।

**आरोपियों के नाम**

1. अजय राठौर उम्र-27 साल निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
2. अनिकेत रगडे उम्र-25 साल निवासी आमापारा निगम कालोनी थाना आजाद चौक रायपुर
3. मोहित स्वामी उम्र-26 साल निवासी स्टेशन पारा राजनांदगांव थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव
4. प्रकाश जैन उम्र-47 साल निवासी इंदिरा नगर राजनांदगांव थाना बसन्तपुर जिला राजनांदगांव

## जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 4 मार्च।** जनपद पंचायत कार्यालय को पुलिस ने चारों तरफसे छावनी का रूप दिया है इस वक्त जनपद पंचायत तिल्दा में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव की प्रक्रिया चल रही है जिला जनपद पंचायत में करीब 25 सदस्य हैं जिसमें भारतीय जनता पार्टी के ही दो पैनल अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए आमने-सामने डटे है आज सुबह से ही जनपद कार्यालय तिल्दा नेवरा जो खरोरा तिल्दा सड़क मार्ग पर स्थित है भारी पुलिस व्यवस्था तैनात की गई थी चारों तरफ पुलिस की चौकसी में जनपद सदस्यों सदस्य जो बाहर गए हुए थे उनको आज लाया गया पहले अलग अलग स्थान पर एकत्रित किया गया पश्चात चुनाव की प्रक्रिया में भाग लेने भारी सुरक्षा बल की व्यस्था में सभी जनपद सदस्य कार्यालय में पहुंच गए हैं और नामांकन सहित शपथ ओर चुनाव का कार्य शुरू किया गया। उल्लेखनीय रहे इस तिल्दा जनपद में तीन विधान सभा के ग्रामीण क्षेत्र आते है जिनमें धरसीवां आरंग और बलौदा बाजार क्षेत्र है और एक मंत्री दो विधायक की नजर भी जनपद अध्यक्ष पर है।


**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला - मुंगेली (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ -6/2024-25
ग्राम मुंगेली, प.ह.नं.-19

**ईश्तहार**

एतद द्वारा ग्राम मुंगेली मन 2 के आम जनता को सूचित किया जाता है की आवेदक श्री राम साहू पिता स्वर्गीय बिसरु साहू जाति तेली निवासी महाराणा प्रताप वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नंबर 19 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 544/1, 583/2 रकबा 0.119, 0.107. हे. को फौती दर्ज के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 12/3/25 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि-पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/2/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार मुंगेली



**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./../बी-121/2023-24
ग्राम- छटन,
पटवारी हल्का नंबर- 24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा ग्राम छटन के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लेखचंद आ. प्रेमलाल जाति सोनकर निवास छटन तहसील जिला मुंगेली द्वारा ग्राम छटन हल्का नंबर 24 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने पुत्री ललिता आ. लेखचंद की मृत्यु/जन्म दिनांक 15/9/2001 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत छटन के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो, तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 7/3/2025 समय 11:00 दिन को कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर | तहसीलदार कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202502094500032**

विषयः- अ-6
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:- 2024-2025
लालबहादुरन प.ह.न. 00015
[804/10(0.0250 हे.)]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- देवनारायण साहू,
अनावेदक पक्षकार- गणेश सुरेश गोटेफोडे,

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवनारायण साहू पिता धनेश राम साहू जाति तेली निवासी ग्राम मोहनपुर, तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि विक्रेता गणेश सुरेश गोटेफोडे पिता सुरेश गोटेफोडे के अधिकार एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम लाल बहादुर नगर की भूमि ख.नं. 804/10 रकबा 0.06ए. भूमि को दिनांक 14.08.2024 को क्रय किया गया है। तथा कब्जा भी सौप प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि का नामांतरण नहीं हो पाया है। जिससे आवेदक को शासकीय कार्यों में बाधा व कठिनाईया उत्पन्न हो रही है। आवेदक द्वारा क्रय की गयी भूमि के राजस्व रिकार्ड में आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर या आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24.03.2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/02/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार लाल बहादुर नगर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-2/2024-25
ग्राम मुंगेली मन-02,
तहसील व जिला मुंगेली

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कीर्ति महिलांग पति दिनेशचंद महिलांग, जाति सतनामी, निवासी सरोवर सदन पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 22 नहर रोड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम मुंगेली मन-02 स्थित भूमि ख.नं. 1051/13 रकबा 0. 012हे/1263 वर्ग फीट को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण किये जाने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दवा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति पत्र स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 14.03.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 27-02-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)


# सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने अधिकारियों को कलेक्टर ने दिए जरूरी निर्देश

## कलेक्टर ने की गिरौदपुरी मेला की अंतिम तैयारी की समीक्षा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 मार्च।** 4 से 6 मार्च 2025 तक गिरौदपुरी में आयोजित होने वाले विशाल मेला एवं संत समागम मंगलवार से शुरू हो रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को मेला स्थल पहुंचकर मेले में क़ानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की अंतिम तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आम लोगों की मौजूदगी के मद्देनजर क़ानून व्यवस्था एवं लोगों की सहूलियत को चुस्त-दुरुस्त रखने अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिये।

कलेक्टर नें पेयजल, टैंकर, फायर ब्रिगेड, एनीकट में जल भराव, विद्युत, भोजन, चिकित्सा, एम्बुलेंस, साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपेड, कंट्रोल रूम, शौचालय, स्नान घर, वाहन पार्किंग आदि की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों से सौपे गए जिम्मेदारी क़ा तत्परता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। मेला में कानून व्यवस्था संभभालने राज्य स्तर से ड्यूटी लगाए गये राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियो की भी विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रीयल ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने कहा कि इस बार मेला में कई सुविधाओं का विस्तार किया गया है ताकि मेला आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति हो सके। इस बार टैंकर, एम्बुलेंस, शौचालय, स्नान घर की संख्या बढ़ाई गई है। कंट्रोल रूम की संख्या भी बढ़ाकर दो किया गया है। सभी अधिकारी उत्कृष्ट कार्य कर मेला आयोजन को सफल बनाएं।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202502092100012
अ/6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक नवरतन साहू पिता हरिचंद साहू जाति तेली निवासी बुधवारी वार्ड नंबर 15 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ द्वारा आवेदन पेश किया है कि नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ स्थित सीट क्रमांक 6 भूखंड क्रमांक 1739/2 ए. 1739/3 क्षेत्रफल क्रमशः 300 192 वर्गफुट कुल क्षेत्रफल 492 वर्ग फुट भूमि स्थित है उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 19/6/2024 को क्रय किया गया है। अतः क्रय की गई भूमि पर से अनावेदकगण का नाम विलोपित कर आवेदक क्रेता का नाम दर्ज किया जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 17/03/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**
Email-ID : ee-res.kondagaon@nic.in, Fax & Ph. No.-07786-242243

**मैनुअल पद्धति से जोनल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-32 (प्रथम दौर)**

क्रमांक/32/व.ले.लि./नि.प्र./गां.यां.सेवा/2024-25 कोण्डागांव, दिनांक 28/02/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है सभी कार्यों की जोनल निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की **अंतिम तिथि 17.03.2025 शाम 3.00 बजे तक।**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | रू. 10.00 लाख से कम लागत के विभिन्न निर्माण भवन/मंच/पुलिया/बाउंड्रीवाल/नाली/सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य- **वि.खं. माकड़ी (भाग-2)** | 35.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 04.03.2025 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।

जी-242505676/3

**कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-कोण्डागांव**

साइकल हो या वायुयान बेटी बढ़ा रही मान | Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक/368/लो.नि.वि./न.पा.प./2024-25सिमगा, दिनांक 03 मार्च 2025

**मैन्यूवल पद्धति से प्रथम निविदा सूचना**

नगर पंचायत सिमगा क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु लो.नि.वि. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से क्रमांक 01 अंतर्गत पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 2020 एवं क्रमांक 02 अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (सड़क) एस. ओ.आर. 01/01/2015 से प्रभावशील दर से कम या अधिक प्रतिशत दर पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद लिफाफे में रजिस्टर्ड स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्रमांक 06 में 75 किलो लीटर आर.सी.सी. ओवर हेड टंकी निर्माण कार्य | 18.22 | फार्म ए | 25/03/2025 |
| 02 | नगर पालिका परिषद सिमगा क्षेत्रांतर्गत स्थित 06 नग शौचालय में पेंटिंग एवं मरम्मत कार्य | 16.19 | फार्म ए | 25/03/2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति-निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड https://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् सिमगा**

## एक नजर

### जुआ खेलते आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर, 04 मार्च।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को जुआ/सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 03.03.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना अभनपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम खोरपा स्थित नाला के पास कुछ व्यक्ति ताशपत्ती से रूपयों का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान में जाकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान जुआ खेलते 07 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 1,02,900/- रूपये, ताशपत्ती, 07 नग मोबाईल फोन, 07 नग मोटर सायकल तथा 01 नग क्रेटा कार जुमला कीमती लगभग 11,00,000/- रूपये जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना अभनपुर में अपराध क्रमांक 84/25 धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 3(2) छत्तीसगढ राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

### चेम्बर चुनाव टालने की साजिश का विरोध

**रायपुर, 40 मार्च।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव में जय व्यापार पैनल को मिल रहे अभूतपूर्व समर्थन से घबराकर विरोधी खेमा अनैतिक हथकंडों पर उतर आया है। अपनी निश्चित हार को भांपते हुए वे येन-केन-प्रकारेण चुनाव को टालने का प्रयास कर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में, विरोधी खेमे ने जल्दबाजी में चार अलग-अलग जिलों से पत्र जारी करवाए है जिसमें चेम्बर के प्रमुख पद अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष भी रायपुर से ही होने की अनिवार्यता पर सवाल किये गये है। यह सारे पत्र शब्दशः एक जैसे है यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि यह सारे पत्र एक ही जगह से आ रहे हैं और उनका इरादा चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतारने और चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास है।

### अनोखे अंदाज में मनाया 25 वर्षों का जश्न

**रायपुर, 40 मार्च।** स्कोडा ऑटो इंडिया अपने 25 वर्षों का जश्न अनोखे अंदाज में मना रहा है। अपनी पहली सब-4 मीटर एसयूवी काइलैक पेश करने के बाद एक और बड़ी घोषणा की है। कंपनी ने रणवीर सिंह को अपना पहला 'ब्रांड सुपरस्टार' बनाया है। यह साझेदारी भारत में स्कोडा के विस्तार को बढ़ावा देने और नए ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए की गई है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने कहा, हम भारत में 25 वर्षों का जश्न मना रहे हैं और अपने ग्राहकों से नए अंदाज में जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रणवीर की ऊर्जा और व्यक्तित्व हमारे ब्रांड के मूल्यों से मेल खाते हैं। रणवीर सिंह जल्द ही काइलैक के साथ स्कोडा ऑटो इंडिया के पहले ब्लॉकबस्टर कैंपेन में नजर आएंगे। इसके बाद मार्च के अंत में एक विशेष फिल्म रिलीज होगी, जो प्रशंसकों और ग्राहकों को रणवीर सिंह और स्कोडा के प्रबंधन से मिलने का मौका देगी।

### अचीव पार एडवांटेज से होंगे सपने साकार

**रायपुर, 40 मार्च।** भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने अपना नया उत्पाद एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव पार एडवांटेज लॉन्च किया है। यह एक पार्टिसिपेटिंग प्लान है, जिसे लोगों के जीवन के अलग-अलग चरणों में आने वाले महत्वपूर्ण लक्ष्यों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। आमतौर पर जब लोग अपने बढ़ते सपनों और जरूरतों के लिए बचत करते हैं, तो वे जल्दी पैसे निकालने की सुविधा, लचीलेपन और भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। यह प्लान इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए खासतौर पर डिज़ाइन किया गया है।

### यात्रियों से भरी बस पलटी

**सारंगढ़, 04 मार्च।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के टाटा-बिलासपुर के पास एक दर्दनाक




सड़क दुर्घटना में यात्रियों से भरी हुई मीत बस सर्विस का एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा तब हुआ जब बस सरायपाली से सरसीवा की ओर जा रही थी। कई यात्री गंभीर रुप से घायल हो गए है। मिली जानकारी के अनुसार, सरसीवा में तेज रफ्तार यात्री बस के पलट जाने से दर्जन भर लोग घायल हो गए हैं, ।दअरसल बस सरायपाली से सरसीवा आ रही थी और टाटा-बिलासपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में दर्जनों यात्री घायल हुए, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। छह यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें तत्काल अस्पताल लेजाया गया जहां से रेफर करने की तैयारी हो रही है। फिलहाल घायलों का इलाज सरसीवा स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

# धान खरीदी में अनियमितता को लेकर कांग्रेस ने मंत्री को घेरा

## एपीएल से बीपीएल में बदले कार्डों की जांच होगी: दयालदास





■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 04 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायकों ने सदन में धान खरीदी में अनियमितता का मुद्दा उठाया। इस दौरान सभी ने सरकार को घेरते हुए गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा की, कब तक हम झूठे कहलाएंगे, सदन की समिति मामले की जांच कर ले। प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने धान खरीदी में अनियमितता का मुद्दा उठाया।

अमानक बारदानों को लेकर विधायक ने कार्रवाई की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा-मैंने स्वयं जाकर जांच की है। सदन को गुमराह किया जा रहा है, विधायकों की समिति से जांच करा ली जाए।

कब तक नेता प्रतिपक्ष और विधायक सदन में झूठे कहलाएंगे। सदन की समिति मामले की जांच कर ले। मंत्री दयालदास बघेल ने सदन में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की बात कही है।

मंत्री दयालदास बघेल ने कहा-अगर कोई भी साक्ष्य है तो जांच कराई जाएगी। बेलतरा विधानसभा में एपीएल से बीपीएल में बदले कार्डों की जांच होगी। भाजपा विधायक के प्रश्न पर मंत्री दयालदास बघेल ने की सदन में जांच कराने की घोषणा की है।

# जितना बड़ा जनादेश, जिम्मेदारी उतनी ही बड़ी: अनुराग अग्रवाल

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 04 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के दूसरे बजट को पेश करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने बजट में प्रदेश के सभी वर्ग जैसे किसान, महिला, युवा, छात्र, कर्मचारी, व्यापारी, पत्रकार सभी वर्गों का समुचित ध्यान रखा है । उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने हमें निर्देशित किया था कि जब जनादेश बड़ा हो तो जिम्मेदारियां बड़ी होती हैं और इस बड़ी जिम्मेदारी को निभाने का पूर्ण प्रयास इस बजट में किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश सरकार की आधारभूत संरचना के कार्यों के प्रति संजीदगी को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा यह बजट युवा वर्ग के सपनों को पूरा करने वाला होगा हृद्रुस्त्रज्ञ जैसे विश्व स्तरीय संस्थान रायपुर में खुल रहे हैं। कुनकुरी में एक मेडिकल कॉलेज, 12 नर्सिंग कॉलेज, आठ फिजियोथैरेपी कॉलेज, तकनीकी विश्वविद्यालय का उन्नयन, शिक्षा के क्षेत्र में माइलस्टोन साबित होगा।

हमने कहा छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार हो रहा है कि नई सड़कों के लिए 2000 करोड़ रुपये का आवंटन किया जाना प्रस्तावित है। सड़कों के रखरखाव के लिए 20 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसी के साथ सीएम रिंग रोड योजना भी शुरू की जाएगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि 14 नगर निगमों के विकास के लिए नई योजना लेकर प्रदेश सरकार ने उन पर काम करने का संकल्प व्यक्त किया है। रायपुर-दुर्ग मेट्रो परियोजना की शुरुआत की जाएगी। मुख्यमंत्री टॉवर योजना शुरू करने के साथ ही एनसीआर की तर्ज पर एससीआर का निर्माण किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा का दर्जा देने की घोषणा करके छत्तीसगढ़ की अपेक्षा को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार ने अपने बजट में प्रतिबद्धता को व्यक्त किया है। श्री अग्रवाल ने उद्योग विभाग के बजट को दोगुना किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि अब जिलों के जीडीपी की गणना होगी।

# छत्तीसगढ़ को विकास की दिशा में ले जाने वाला बजट: कैट



**रायपुर, 04 मार्च।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा पेश बजट छत्तीसगढ़ को विकास की दिशा में ले जाने वाला है।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री माननीय श्री ओ.पी. चौधरी जी ने प्रदेश के बजट 2025 पेश किया गया।

कैट के प्रदेश कार्यालय में राज्य सरकार के बजट 2025 सीधा प्रसारण पर कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेः - जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, भरत जैन, मनमोहन अग्रवाल, अवनीत सिंह, जय नानवानी, मुकेश मोटवानी, मोहन वर्ल्यानी एवं राजेश अग्रवाल आदि।

## चेम्बर ने किया बजट का स्वागत

**रायपुर, 04 मार्च।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रदेश के विकास



को गति देने वाला बजट प्रस्तुत किया गया जिसके अंतर्गत महिला सशक्तिकरण गरीबों के उत्थान एवं अधोसंरचनात्मक विकास के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं साथ ही चेंबर भवन के प्रदेश कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने हेतु घोषणा की गई जिसका छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से हार्दिक स्वागत करता है धन्यवाद करता है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज देश के प्रमुख चेम्बर ऑफ कामर्स में से भारतवर्ष का सबसे अधिक सदस्य संख्या वाला चेम्बर है जो 65 वर्षों से अपनी सेवाए लगातार दे रहा है।

# वन नेशन, वन इलेक्शन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी अभियान

**रायपुर, 04 मार्च।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा प्रस्तावित ÷वन नेशन, वन इलेक्शन÷ (एक राष्ट्र, एक चुनाव) एक दूरदर्शी कदम है, जो देश में राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक मजबूती और सुशासन को सुनिश्चित करेगा। इस ऐतिहासिक पहल के समर्थन में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने देश भर में एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की घोषणा की है। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि इस अभियान के तहत देशभर में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के माध्यम से सेमिनार, वर्कशॉप और संवाद सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चुनाव सुधारों, आर्थिक प्रभाव और समाज तथा व्यापार जगत पर सकारात्मक प्रभाव जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। श्री पारवानी एवं श्री दोशी का मानना है कि बार-बार चुनाव होने से देश की आर्थिक प्रगति बाधित होती है, सरकारी नीतियों का कार्यान्वयन धीमा हो जाता है और व्यापारिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर पड़ता है। यदि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएँ, तो इससे व्यापार, उद्योग और अर्थव्यवस्था को स्थिरता मिलेगी, साथ ही सरकार की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी। कैट का यह अभियान व्यापारी वर्ग, सिविल सोसाइटी, नागरिक, समाज और नीति निर्धारकों को एक मंच पर लाकर ÷वन नेशन, वन इलेक्शन÷ की आवश्यकता पर सार्थक संवाद स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री मोदी के इस दूरदर्शी कदम से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और आर्थिक ढाँचा मजबूत होगा, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर एक नई शक्ति बनकर उभरेगा।

# बजट महज हवाबाजी, युवाओं के साथ धोखा: शान्तनु

**रायपुर, 4 मार्च।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आज पेश किया गया 2025-26 का बजट पूरी तरह से फेल साबित हुआ है। यह बजट नहीं बल्कि महज एक हवाबाजी भरा दस्तावेज है, जिसमें ना युवाओं के लिए ठोस योजनाएँ हैं, ना छात्रों, किसानों और महिलाओं के लिए कोई वास्तविक राहत। सरकार के मंत्री और पूर्व कलेक्टर बजट पेश करने की बजाय पॉडकास्ट जारी कर वाहवाही लूटने में लगे हैं, जबकि हकीकत यह है कि छत्तीसगढ़ का हर वर्ग ठगा महसूस कर रहा है। भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन अब जब बजट लाने का वक्त आया तो युवाओं को धोखा दिया गया। सरकारी कॉलेजों की हालत खस्ता है, विश्वविद्यालयों में फैकल्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर की भारी कमी है, लेकिन बजट में इन मुद्दों पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। नई नौकरियों का वादा करने वाली सरकार अब रोजगार के सवाल पर मुँह छुपा रही है। शिक्षक भर्ती का ऐलान सिर्फ दिखावा है, क्योंकि



पिछली सरकार में निकली भर्तियाँ अब तक पूरी नहीं की गई हैं। छात्रों को डिजिटल लर्निंग सुविधाएँ, मुफ्त कोचिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोई ठोस मदद नहीं दी गई। स्टार्टअप्स और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के नाम पर भी सिर्फ खोखली घोषणाएँ हुई हैं, कोई ठोस आर्थिक सहायता या नीति नहीं बनाई गई। औद्योगिक विकास के लिए रखा गया बजट बेहद कम है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ने की कोई संभावना नहीं है। खेल और स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी सरकार ने सिर्फ खानापूर्ति की है। एक-दो जिलों में स्टेडियम और इंडोर हॉल बनाने की बात की गई है, लेकिन राज्यभर के खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय ट्रेनिंग देने के लिए कोई स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी या आधुनिक खेल अकादमी का ऐलान नहीं हुआ। महिला सुरक्षा, छात्राओं के लिए विशेष योजनाएँ और किसानों की समस्याओं पर भी सरकार पूरी तरह असफल रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का यह बजट पूरी तरह फेल साबित हुआ है। भाजपा सरकार सिर्फ भाषण देने और प्रचार करने में लगी है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नहीं कर रही। अगर यही हाल रहा, तो हस्ढ्ढ इस हवा-हवाई सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

# भूपेश ने छग के महापुरुषों का उड़ाया उपहास: भाजपा

**रायपुर, 04 मार्च।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत करते हुए बजट की शुरुआत छत्तीसगढ़ के महानायकों के शौर्य का वर्णन करते हुए की थी जिस पर भूपेश बघेल ने बजट को कवि सम्मेलन करार दिया ।इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कहा कि वीर गुंडाधुर और शहीद वीर नारायण सिंह, जिनकी तलवार से अंग्रेज भी थर थर कांपते थे, भूपेश बघेल जी आप उनका उपहास क्यों उड़ा रहे हैं? गुरु घासीदास जी के महान संदेशों का वर्णन अगर बजट में हो रहा है तो भूपेश बघेल जी आप उसका उपहास क्यों उड़ा रहे हैं? हम अपने प्रदेश को चार तीर्थ के बराबर मानते हैं इस भावना को अगर वित्त मंत्री बजट में प्रस्तुत कर रहे हैं तो आप उसका उपहास क्यों उड़ा रहे हैं? छत्तीसगढ़ में रहने वाले हर व्यक्ति की आस्था के साथ आपने खिलवाड़ किया है ।छत्तीसगढ़ की अस्मिता को चोट पहुंचाने का काम किया है। छत्तीसगढ़ की जनता इसके लिए आपको कभी माफ नहीं करेगी। अमित ने कहा कि छत्तीसगढ़ में रहने वाला हर व्यक्ति अपनी सुबह की शुरुआत राम-राम और जय जोहार से करता है वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी जी ने अपने बजट में भी यही किया तो इसमें भूपेश बघेल जी को आपत्ति क्यों हो रही है? क्या हम छत्तीसगढ़ में बाबा गुरु घासीदास जी के महान संदेशों का वर्णन करेंगे तो भूपेश बघेल हमें ऐसा करने रोकेंगे? क्या हम वीर गुंडाधुर और शहीद वीर नारायण सिंह के शौर्य की बातें करेंगे तो क्या भूपेश बघेल इससे हमें रोकेंगे ?क्या हम अपने प्रदेश को चार तीर्थ मानेंगे तो क्या भूपेश बघेल इससे हमें रोकेंगे? वह ऐसा नहीं कर सकते ना ही उन्हें ऐसे विषयों पर उपहास उड़ाने की जरूरत है। वह लगातार अपने बयानों से छत्तीसगढ़ की जनता को, यहां के महानायकों को अपमानित करने का काम करते हैं। जिससे छत्तीसगढ़ की जनता आक्रोशित होती है उनके इस बयान ने भी छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया है।

## पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़

**रायपुर, 04 मार्च।** धमतरी जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत आज दिनांक 03-03-25 को धमतरी जिले के थाना खल्लारी के ग्राम मांदागिरी के जंगल में प्रतिबंधित माओवादी की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी. की 25-30 की संख्या में टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्च अभियान के दौरान मांदागिरी के जंगल पहाड़ियों में पुलिस एवं माओवादियों के बीच में आधे घंटे तक मुठभेड़ हुई जिसमें प्रतिबंधित सशस्त्र माओवादियों द्वारा स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया गया, जिसके जवाब में पुलिस पार्टी डीआरजी टीम द्वारा भी पेड़ों की आड़ लेकर आत्मसुरक्षार्थ नक्सलियों पर फायरिंग की गई। रुक-रुक कर लगभग आधा घंटे

## सीजीपीएससी ने निकाली कई पदों पर वैकेंसी

**रायपुर, 04 मार्च।** सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से साल 2025 की पहली वैकेंसी वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के लिए निकली है। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से साल 2025 की पहली वैकेंसी वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के लिए निकली है। यह सहायक संचालक व प्रबंधक के लिए है। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया 10 मार्च से शुरू होगी। इस संबंध में सीजीपीएससी से सूचना जारी की गई है। कुल 30 पदों पर भर्ती होगी।

**नए साल में पहली भर्ती–** नए साल में दो माह का समय बीतने के बाद पहली भर्ती निकली है। **8 अप्रैल तक जमा होंगे आवेदन –** सहायक संचालक व प्रबंधक भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 अप्रैल तक किए जा सकेंगे। जबकि आवेदन में त्रुटि सुधार 9 से 11 अप्रैल तक किए जा सकेंगे। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में इंजीनियरिंग की उपाधि यानी बीई या बीटेक, अथवा औद्योगिक रसायन, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, भौतिकी, रसायन में स्नातकोत्तर अथवा मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीए या पीजीडीएम। आवेदन शुल्क राज्य के बाहर के निवासियों के लिए 400 रुपए है। स्थानीय आवेदकों के लिए कोई शुल्क नहीं है।

# राजिम कुंभ पवन दीवान की परिकल्पना: बृजमोहन

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 04 मार्च।** संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा संत कवि पवन दीवान श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद एवं पूर्व वरिष्ठ मंत्री छत्तीसगढ़ शासन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र चौबे ने की। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का अभिनंदन भी किया गया।

इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि संत कवि पवन दीवान के साथ काम करने का सौभाग्य मिला है ।राजिम कुंभ उनकी ही परिकल्पना हैं। पवन दीवान छत्तीसगढ़ की गरिमा और अस्मिता की पहचान थे।

इस अवसर पर रविंद्र चौबे ने बताया कि पवन दीवान जी की स्मृति को छत्तीसगढ़ की पहचान को बनाए रखने के लिए ही संत कवि पवन दीवान श्रद्धांजलि सभा और सम्मान समारोह का आयोजन विगत 8 वर्षों से विप्र समाज कर रहा है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने संत कवि पवन दीवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सन्त पवन दीवान के सपनों को साकार करने का अवसर विप्र समाज के प्रेम और आशीर्वाद से ,उनके प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष सहयोग से मुझे प्राप्त हुआ है। सबसे बड़ी जीत बड़ी चुनौती भी लाती है। इसके पहले सर्वप्रथम विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने समाज के कार्यों



का विवरण प्रस्तुत किया। इसके उपरांत संत कवि पवन दीवान स्मृति अस्मिता सम्मान कवि एवं आध्यात्मिक लेखक डॉ. आदित्य शुक्ला एवं साहित्य व भाषा के प्रोफेसर डा. चितरंजन कर को प्रदान किया गया ।मुख्य अतिथि एवं विप्र समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने उन्हें 21000 नगद ,सम्मान पत्र ,स्मृति चिन्ह ,शाल व श्रीफल से सम्मानित किया। इसके उपरांत विप्र समाज ने नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे के साथ विप्र समाज के नवनिर्वाचित पार्षद सरिता आकाश दुबे, सुमन अशोक पांडेय, आकाश तिवारी, मुरली शर्मा ,देवदत्त द्विवेदी ,स्वप्निल मिश्रा एवं ममता सोनू तिवारी का पूरे उत्साह के साथ सम्मान एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.मेघेश तिवारी ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. सुधीर शर्मा ने किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि संत कवि पवन दीवान के स्मृति में संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से यह कार्यक्रम विगत 8 वर्षों से विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उमाकांत शर्मा, अविनाश शुक्ला,सुभाष तिवारी ,मृत्युंजय दुबे, प्रदीप नारायण तिवारी, विनय तिवारी, संजय शर्मा, नटराज शर्मा, सुरेंद्र शुक्ला, के.के. शुक्ला ,दिनेश शर्मा ,अशोक दीवान, प्रमोद मिश्रा, संजय शर्मा, प्रशांत शर्मा, डा. ध्रुव पांडेय, कमल नारायण शर्मा, प्रदीप तिवारी,कमलेश तिवारी,अनिल तिवारी, नवीन शर्मा, डॉ हरिंद्र मोहन शुक्ला,अजीत शर्मा, के .के. मिश्रा ,राजेंद्र दुबे ,विप्र शक्ति महिला मंडल के सदस्य कुसुम शर्मा, विभा तिवारी ,प्रीति शुक्ला ,भारती किरण शर्मा, आभा मिश्रा ,रत्ना मिश्रा, सुनीता दुबे ,सरिता तरुण शर्मा ,कुसुम तिवारी ,ममता शर्मा एवं संजीता शुक्ला सहित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26